Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 206 | सोमवार, 28 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## हरिद्वार में दर्दनाक हादसा

# मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़ आठ लोगों की मौत, 35 घायल

**हरिद्वार।**

उत्तराखंड के हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हुआ है। भगदड़ में आठ लोगों की मौत की खबर है। कई लोगों के बुरी तरह से घायल होने की खबर भी है। मौके पर राहत एवं बचाव अभियान चल रहा है। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीमें घायलों को तुरंत अस्पतालों में पहुंचाने में लग गई। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का एलान किया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है। वहीं, करीब दो बजे सीएम पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल जाना।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट फैलने की अफवाह फैला दी, जिससे श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। अफरा-तफरी में लोग एक-दूसरे पर गिर गए। चीख-पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हादसे के कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भारी भीड़ जमा होने के बाद मची भगदड़ मच गई। भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल भी हुए हैं। एम्स पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि एम्स में कुल 15 घायल लाए गए थे, जिसमें से पांच को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। 10 अभी यहां भर्ती हैं। इनमें दो साल की एक बच्ची, 26 वर्षीय युवती व 56 वर्षीय महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि हादसे में घायल हुए कुल 35 श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल में लाया गया है, जिसमें भगदड़ में आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि अन्य लोग घायल हैं। जिनमें से गंभीर अवस्था वाले मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। भगदड़ की घटना में घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार देने और उन्हें अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए 108 सेवा की सात एंबुलेंस और 'खुशियों की सवारी' की दो एंबुलेंस मौके पर तैनात की गईं। इन एंबुलेंस सेवाओं के माध्यम से कई घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जरूरी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे पर सीएम धामी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने हादसे के मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।



### इनकी हुई मौत

वकील 45 वर्ष
आरुष 6 वर्ष
विशाल 19 वर्ष
विपिन 18 वर्ष
शांति 60 वर्ष
रामभरोसे 65 वर्ष
अज्ञात 19 वर्ष
विक्की 25 वर्ष

### भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया दुख



मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में हुई जान–माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। अपनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।

### सीएम धामी ने जताया दुख



हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर मार्ग में भगदड़ पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर मार्ग में भगदड़ मचने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## || सार संक्षेप

### पांचवें टेस्ट में नहीं खेलेंगे ऋषभ पंत एन जगदीशन लेंगे उनकी जगह

**नई दिल्ली।**



भारतीय टीम को पांचवें टेस्ट से पहले तगड़ा झटका लगा है। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इस मुकाबले से बाहर हो गए हैं। उन्हें चोट के कारण 31 जुलाई से शुरू होने वाले मुकाबले से बाहर कर दिया गया है। भारतीय टीम को पांचवें टेस्ट से पहले तगड़ा झटका लगा है। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इस मुकाबले से बाहर हो गए हैं। उन्हें चोट के कारण 31 जुलाई से शुरू होने वाले मुकाबले से बाहर कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि पंत की जगह एन जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है। मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के कारण ऋषभ पंत सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रखेगी। पुरुष चयन समिति ने 31 जुलाई को लंदन के केनिंग्टन ओवल में शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट के लिए ऋषभ पंत की जगह नारायण जगदीशन को टीम में शामिल किया है।

### भारत में जल्द दौड़ेगी हाइड्रोजन ट्रेन! रेलवे ने किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।**

भारतीय रेलवे ने एक अहम उपलब्धि हासिल की है। देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन कोच का सफल परीक्षण किया गया। यह परीक्षण हरियाणा के जींद में रेलवे की वर्कशॉप में किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस सफल परीक्षण का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। उन्होंने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, ₹भारत वर्तमान में 1,200 एचपी हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन विकसित कर रहा है, जो देश को हाइड्रोजन ट्रेन तकनीक में वैश्विक अग्रणी देशों में शामिल कर देगा। यह भारत को रेल परिवहन के लिए हाइड्रोजन का उपयोग करने वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल करता है। बता दें कि हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें न तो डीजल और न ही बिजली की सप्लाई लाइन पर निर्भर रहती है। सवाल ये है कि आखिर ये ट्रेन चलेगी कैसे? दरअसल, ट्रेन यह तकनीक हाईड्रोजन फ्यूल सेल सिस्टम पर काम करती है। ट्रेन इंजन में लगे टैंक में हाइड्रोजन गैस भरी रहती है। जब दोनों आपस में मिलते हैं तो एक रासायनिक क्रिया की शुरूआत होती है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के मिलने के बाद बिजली का संचार होता है जो, मोटर को पावर देती है।

## यूपी: प्रदेश में एक साथ 66 पीसीएस अधिकारियों के तबादले, बदले गए 60 से अधिक एसडीएम



**लखनऊ।**

यूपी सरकार ने रविवार की रात एक साथ 66 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें से 60 से अधिक एसडीएम हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार की रात 66 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें से 60 से अधिक तबादले उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) के हुए हैं। यह तबादले नगरीय निकायों, राजस्व प्राधिकरणों, और चकबंदी विभाग जैसे विभागों में हुए हैं। इन तबादलों में श्रद्धा पाण्डेय को सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम आगरा बनाया गया है। वर्तमान में उपजिलाधिकारी आगरा थीं। प्रदुमन

■ **तबादले नगरीय निकायों, राजस्व प्राधिकरणों, और चकबंदी विभाग जैसे विभागों में हुए हैं।**

कुमार को कानपुर देहात से श्रावस्ती में उपजिलाधिकारी के पद पर भेजा गया है। निशा श्रीवास्तव को गोरखपुर से वाराणसी नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। रवि कुमार सिंह को यूपीडा, लखनऊ में उपजिलाधिकारी के पद पर भेजा गया है। विकास सिंह, विराग करवरिया, बृज मोहन शुक्ला, और प्राची त्रिपाठी को नगर निगम लखनऊ और अन्य प्रमुख पदों पर स्थानांतरित किया गया है। लखन लाल सिंह राजपूत, संतोष कुमार कुशवाहा व पूर्णिमा सिंह अयोध्या की एसडीएम, रामेश्वर प्रसाद लखनऊ के सहायक नगर आयुक्त, सत्यपाल सिंह लखनऊ के सहायक निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, अजय कुमार बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) लखनऊ, शशि कुमार विशेष कार्याधिकारी राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ, विराग करवरिया एसडीएम लखनऊ विकास प्राधिकरण, प्राची त्रिपाठी विशेष कार्याधिकारी राजस्व परिषद लखनऊ, ज्ञान प्रताप सिंह एसडीएम अयोध्या, मोनालिसा जौहरी एसडीएम बहराइच बनाई गई हैं।

### 40 विकास खंडों में दूसरे चरण का मतदान आज

**देहरादून।** निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 4431 बूथों पर पोलिंग पार्टियों ने मोर्चा संभाल लिया है। दूसरे चरण में कुल 21,57199 मतदाता वोट डालेंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश के 40 विकासखंडों में सोमवार को सुबह आठ बजे से मतदान होगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 4431 बूथों पर पोलिंग पार्टियों ने मोर्चा संभाल लिया है।

## भारतीय न्यायालयों में 5.29 करोड़ मामले लंबित

**नई दिल्ली।**




भारतीय न्यायालयों पर 5.29 करोड़ लंबित मामलों का भारी बोझ है, जो 21 जुलाई तक के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर उपलब्ध है। इनमें से 4.65 करोड़ मामले जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित हैं, जबकि उच्च न्यायालयों में 63.30 लाख मामले और सर्वोच्च न्यायालय में 86,742 मामले लंबित हैं। लंबित मामलों के बढ़ते बोझ के अलावा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों को पूर्ण क्षमता से काम करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। न्याय और कानून मंत्रालय के अनुसार, 21 जुलाई, 2015 तक स्वीकृत 25,843 न्यायिक अधिकारियों की संख्या के मुकाबले निचले न्यायालयों में केवल 21,122 अधिकारी कार्यरत हैं। बैकलाग को कम करने के उपाय के रूप में सभी 25 उच्च न्यायालयों में पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों को निपटाने के लिए बकाया समितियां बनाई गई हैं। ऐसी बकाया समितियां अब जिला न्यायालयों के तहत भी स्थापित की गई हैं। कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने हाल ही में संसद में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में रिक्तियों को भरने के लिए उठाए गए सरकारी कदमों की जानकारी साझा की।

## सदन में आज ऑपरेशन सिंदूर पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों के लिए एक व्हिप जारी किया है, जिसमें उन्हें सोमवार से तीन दिनों तक सदन में उपस्थित रहने को कहा गया है। इस दौरान सदन में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की जाएगी। सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर आमने-सामने होंगे। कांग्रेस द्वारा जारी व्हिप के अनुसार, सांसदों को अनिवार्य रूप से सदन में उपस्थित रहना होगा। संसद के मानसून सत्र के पहले सप्ताह का अधिकांश समय विपक्ष के बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) और अन्य मुद्दों पर विरोध के कारण व्यर्थ चला गया। बता दें कि सोमवार को लोकसभा में पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू करने पर पक्ष-विपक्ष ने सहमति व्यक्त की है। राज्यसभा में मंगलवार को इन पर चर्चा होगी।

**कांग्रेस ने तीन दिनों के लिए जारी किया व्हिप**



## संपादक की कलम से

# क्रिकेट खेलने की विवशता

टी–20 क्रिकेट का एशिया कप संयुक्त अरब अमीरात के शहरों में खेला जाएगा। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस टूनार्मेंट का मेजबान है, लेकिन मुकाबले तटस्थ जगह पर खेलना तय हुआ है। टूनार्मेंट 9–28 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसके दौरान 14 सितंबर को भारत–पाकिस्तान का विस्फोटक मैच खेला जाएगा। सुपर फोर के मुकाबले में भी 21 सितंबर को दोबारा दोनों देशों की टीमें भिड़ सकती हैं।



ललित शर्मा
संपादक

यदि भारत–पाक की टीमें, अंतत :,फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं, तो एक बार फिर तनावपूर्ण मुकाबला होगा। आश्चर्य और सवालिया है कि भारत सरकार ने बहुराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने की इजाजत बीसीसीआई को क्यों दी एक तरफ खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक लोकसभा में पेश किया है। उसके जरिए भारत सरकार सभी खेल संघों और महासंघों के गले में घंटी बांधना चाहती है। उनकी स्वायत्तता पर अंकुश लगाना चाहती है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के बारे में प्रधानमंत्री मोदी और कैबिनेट के निर्णय का उल्लंघन यह एशिया कप है। जब तय कर लिया कि पाकिस्तान के आतंकवाद के साथ–साथ कोई व्यापार, जल, संवाद नहीं किया जाएगा, तो क्रिकेट खेलने की विवशता क्या है क्या 22 अप्रैल का पहलगाम नरसंहार भुला दिया गया ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेनाओं को पाकिस्तान के साथ जो युद्ध–सा संघर्ष लडा पड़ा, क्या बीसीसीआई और भारत सरकार के लिए उसका कोई महत्व नहीं है क्या बेगुनाह लोगों की शहादत और राष्ट्र से अधिक महत्वपूर्ण पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना है जब पाकिस्तान का चौतरफा बहिष्कार जारी है, तो क्रिकेट के जरिए कौनसे संबंध जिंदा रह सकते हैं यह शर्मनाक, देश–विरोधी, सेना–विरोधी निर्णय है। क्या बीसीसीआई इतना निरंकुश और खुदमुख्तार हो गया है अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और एशिया क्रिकेट परिषद की करीब 90 फीसदी फंडिंग बीसीसीआई करता है। आईसीसी का अध्यक्ष जय शाह हैं, जो गृहमंत्री अमित शाह के सुपुत्र हैं। क्रिकेट में उनका अमूल्य योगदान क्या रहा है, जो इस पद पर विराजमान किया गया यदि भारत पाकिस्तान के साथ खेलने से इंकार करता है, तो कोई उसका क्या बिगाड़ सकता है भारत की अपनी सटीक दलीलें हैं। बीसीसीआई के 30,000 करोड़ रुपए बैंकों में सुरक्षित जमा हैं, जिस पर 1000 करोड़ रुपए का सालाना ब्याज मिलता है। आईपीएल टूनार्मेंट से भी बोर्ड को 5000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हुई है। चूंकि भारत सरकार क्रिकेट बोर्ड को एक रुपया भी अनुदान नहीं देती है, वह किसी कॉरपोरेट कंपनी की तरह अमीर और संपन्न है, लिहाजा वह अपनी मर्जी का मालिक है। कुछ साल पहले तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस टीएस ठाकुर ने क्रिकेट के क्रिया–कलापों में सुधार के मद्देनजर जस्टिस आरएम लोढा के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था। क्रिकेट बोर्ड पर लगाम लगाने की कोशिश की गई थी। बीसीसीआई किसी भी तरह के सरकारी कायदे–कानूनों का विरोध करता रहा है। अन्य खेल संघों के विपरीत क्रिकेट बोर्ड सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के दायरे में नहीं है। चूंकि अब 2028 के ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया है, लिहाजा सरकार प्रस्तावित बिल के जरिए बीसीसीआई को भी, अन्य खेल संघों की तरह, अपने नियमनों की परिधि में आने को विवश कर सकती है। पेश किए गए बिल में राष्ट्रीय खेल बोर्ड को व्यापक अधिकार दिए गए हैं। यदि यह बिल संसद में पारित होकर कानून बन जाता है, तो बीसीसीआई के गले में भी घंटी बंध जाएगी। दरअसल भारत सरकार इस विधेयक के जरिए खेल संघों, परिषदों और महासंघों के भीतर का भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद, कानूनी विवाद, निहित स्वार्थ आदि को बिल्कुल साफ कर देना चाहती है। यदि यह कानून बना, तो दो मुख्य स्तंभों पर राष्ट्रीय खेल बोर्ड टिका होगा। यह सेबी की तरह काम करेगा। बहरहाल बीसीसीआई जैसे संघों की निरंकुशता जरूर टूटनी चाहिए।

## उदय किशोर साह



### आईना

कविता

आईना हूँ आईना है मेरा ही नाम
कीमत कम है दो टके मेरी दाम
सच्चाई उगलना है मेरा काम
बदले में ना लेता हूँ कोई भी इनाम

झूठों को झूठा चेहरा दिखलाता हूँ
सच्चाई को सत्य मैं बतलाता हूँ
ना कोई डर भय ना कोई गुमान
सच्चाई है अपनी ना कोई अभिमान

सत्य व्रत है मेरा बस एक अरमान
हो जाता है बईमान हमसे परेशान
राजा रंक हो या हो गरीब किसान
चेहरा देख बतलाता हूँ उनका ईमान

चेहरे की परख में हूँ जग में मेरा नाम
चिढ़ने वाले चिढ़ जाता है तमाम
ईश्वर ने दी है सत्य कहने का वरदान
गुस्साने वाले गुस्साऐ उनका है काम

घर घर में मेरा है एक निश्चित स्थान
नारी जहाँ देती है मुझे पल पल सम्मान
सत्य वक्ता के रूप में पायी पहचान
किसी की हिम्मत नहीं जो करे अपमान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



# मांडू पर्यटनः प्रेम, वास्तुकला और इतिहास की अद्भुत नगरी

मांडू का इतिहास लगभग 6वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है, लेकिन इसका स्वर्ण युग मालवा सल्तनत (15वीं सदी) के दौरान आया। इस दौरान यहाँ कई भव्य महलों, मस्जिदों, बावड़ियों और दरवाजों का निर्माण हुआ। मांडू की भौगोलिक स्थिति– विंध्याचल की पहाड़ियों पर और नर्मदा घाटी के किनारे– इसे एक स्वाभाविक किला बनाती है। मध्य प्रदेश के धार ज़िले में स्थित मांडू (टंल्लर्४), जिसे ह्लमांडवगढ़ह्व या ह्लशादीशुदा पत्थरों का शहरह्व भी कहा जाता है, भारतीय पर्यटन मानचित्र पर एक अनूठा और ऐतिहासिक स्थल है। पहाड़ियों पर बसा यह नगर न केवल स्थापत्य कला और प्राचीन स्मारकों के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि रानी रूपमती और बाज बहादुर की अमर प्रेम कहानी के लिए भी मशहूर है। मांडू की हवाओं में इतिहास की गूंज, प्रेम की सरगम और स्थापत्य का सौंदर्य साथ-साथ बहता है।

**मांडू का ऐतिहासिक परिचयः** मांडू का इतिहास लगभग 6वीं शताब्दी से जुड़ा हुआ है, लेकिन इसका स्वर्ण युग मालवा सल्तनत (15वीं सदी) के दौरान आया। इस दौरान यहाँ कई भव्य महलों, मस्जिदों, बावड़ियों और दरवाजों का निर्माण हुआ। मांडू की भौगोलिक स्थिति– विंध्याचल की पहाड़ियों पर और नर्मदा घाटी के किनारे– इसे एक स्वाभाविक किला बनाती है।

मांडू के प्रमुख दर्शनीय स्थल

1. **जहाज महलः** यह महल दो झीलों– कपूर तालाब और मुंज तालाब– के बीच स्थित है, जिससे यह एक जहाज की तरह प्रतीत होता है। इसका निर्माण 15वीं सदी में सुल्तान गियासुद्दीन खिलजी ने अपनी 15,000 रानियों के लिए करवाया था। रात्रि में इसका प्रतिबिंब जल में झलकता है, जो एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है।

2. **हिंदोला महलः** हिंदोला (झूला) महल अपनी झुकी हुई दीवारों के कारण प्रसिद्ध है। इसका उपयोग दरबारी सभाओं के लिए किया जाता था। इसकी स्थापत्य शैली वास्तुकला के चमत्कारों में गिनी जाती है।

3. **रूपमती महलः** यह वह स्थान है जहाँ से रानी रूपमती नर्मदा नदी को निहारती थीं। यह प्रेम कहानी का सबसे भावनात्मक स्थल है, जहाँ से मांडू की घाटी और नर्मदा के दर्शन होते हैं।

4. **बाज बहादुर महलः** यह महल मांडू के अंतिम स्वतंत्र शासक बाज बहादुर का निवास था। इसकी वास्तुकला में राजपूत और मुस्लिम शैलियों का संगम देखने को मिलता है।

5. **जामा मस्जिदः** यह मस्जिद दिल्ली की जामा मस्जिद से प्रेरित है और मांडू के स्थापत्य वैभव को दशार्ती है। इसके विशाल प्रांगण और सुंदर मेहराबें इसकी विशेषता हैं।

6. **रेवा कुंडः** यह पवित्र कुंड नर्मदा नदी को समर्पित है और माना जाता है कि रूपमती इसी से जल ग्रहण करती थीं।

**मांडू उत्सवः** प्रत्येक वर्ष दिसंबर-जनवरी के महीने में ॅमांडू उत्सवॅ का आयोजन होता है, जिसमें स्थानीय लोक-संगीत, नृत्य, कला प्रदर्शन, साइकिल टूर और हॉट एयर बलून जैसी गतिविधियाँ होती हैं। यह उत्सव मांडू को जीवंत रूप देता है।

**कैसे पहुँचे ?**

**निकटतम हवाई अड्डाः** इंदौर (लगभग 100 किमी)

**रेलवे स्टेशनः** इंदौर और रतलाम दोनों से सड़क मार्ग उपलब्ध

**सड़क मार्गः** इंदौर, धार और महेश्वर से मांडू के लिए बसें और टैक्सियाँ आसानी से मिलती हैं

**ठहरने की व्यवस्थाः** मांडू में मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित होटल और कुछ निजी रिसॉर्ट्स उपलब्ध हैं। प्राकृतिक सुंदरता के बीच रुकना अपने आप में एक अद्वितीय अनुभव होता है।

**यात्रा का सर्वोत्तम समयः** अक्टूबर से मार्च के बीच मांडू घूमने के लिए सबसे उपयुक्त समय होता है। खासकर मानसून के बाद (जुलाईझ्रसितंबर) मांडू की हरियाली और झीलें इसे और भी सुंदर बना देती हैं।

मांडू केवल एक ऐतिहासिक नगर नहीं, बल्कि एक जीवित कथा है– प्रेम, कला और संस्कृति की। यहाँ की हवाएं रूपमती के सुरों को, दीवारें बाज बहादुर के प्रेम को और झीलें बीते समय की परछाइयों को संजोए हुए हैं। यदि आप एक शांत, सुंदर और ऐतिहासिक स्थल की यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो मांडू अवश्य आपकी सूची में होना चाहिए।

# 5 हजार सरकारी स्कूल बंद करके, विश्व गुरु बनेगा भारत?

संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोविड-19 के बाद की शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए वैश्विक शिक्षा से संबंधित एक विशेष बैठक आयोजित करने के बाद जारी एक बयान के अनुसार, कोविड महामारी ने पिछले 20 वर्षों में पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को मिटा दिया है। उत्तर प्रदेश में 5000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया कि सरकार के इस कदम से राज्य में तीन लाख पचास हजार से ज्यादा छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव होती है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली एक कुशल कार्यबल, नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है। चूँकि इस देश में प्राथमिक शिक्षा को राजनीतिक एजेंडे में कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती, इसलिए दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला यह देश अभी भी निरक्षरता और खराब शिक्षा से जूझ रहा है। हाल ही में प्रकाशित आठवीं इंडिया स्किल रिपोर्ट के अनुसार, ऐसे देश में, जहाँ धर्म और धार्मिक पहचान जनता और सरकार दोनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं, 50 प्रतिशत से ज्यादा स्नातकों का रोजगार के योग्य न होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। इस साल फरवरी में केंद्र सरकार ने बताया था कि पिछले 10 साल में यूनेस्को में 89 हजार सरकारी स्कूल बंद हो गए हैं। इनमें से अधिकांश 25 हजार स्कूल अकेले उत्तर प्रदेश से थे। 5 हजार स्कूल और बंद हमारे दिल पर मोर लोड ना आए इसलिए योगी सरकार ने स्कूल बंद करने की इस स्कॉच को नाम दिया है पेअरिंग स्कॉच। वर्ष 2015-16 में उत्तर प्रदेश में करीब 1 लाख 62 हजार प्राथमिक विद्यालय थे। जो साल 2021-22 में 1 लाख 40 हजार ही रह गए। यानी 2015-16 के मुकाबले में ये संख्या कम हो गई। सरकार का तर्क है कि जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या 50 से कम है, उन्हें बंद कर देना ही बेहतर है। लेकिन सवाल ये है कि आखिर ये स्कॉटिश बच्चे क्यों नहीं हैं? क्या बच्चों की संख्या आपके-आप कम हो गई, या इसके पीछे सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं? ईटीवी-भारत न्यूज वेबसाइट के अनुसार यू-डीआईएसई पोर्टल के आधार पर जो आंकड़े सामने आए हैं, वो देखने वाले हैं। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में करीब 30,000 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं, जो जर्जर स्थिति में हैं। जहां 742 स्कूल पूरी तरह से खराब खंडहर हैं। इसके बाद 690-690 में जंगल और जंगल में 674, गरीब में 643, 641 में गरीब में और 633 में बलिया में कब्जा की स्थिति बेहद खस्ता है। इन स्कूलों में बच्चों के लिए न तो अधूरा निर्माण है, न शौचालय, न पीने का पानी और न ही चारदीवारी। कभी मिड-डे मील का सामान नहीं आता, तो कभी छत टपकती है। स्थानीय बिजली नहीं। कभी-कभी स्कूल में ही जूते डूब जाते हैं। तो ऐसे रसोई में किसी ने भी अपने बच्चों को क्यों भेजेगा? जब स्कूल में टीचर ही नहीं होंगे तो पढ़ाई कैसे होगी? जिन शिक्षकों में शिक्षक तैनात हैं, वहां उनकी ड्यूटी चुनाव, सर्वेक्षण, योजना या धार्मिक आयोजनों में लगाई जाती है। स्कूल सिर्फ रिकॉर्ड में है। क्लासरूम बंद होता है, परिसर सूना रहता है। फिर जब बच्चों की पढ़ाई नहीं होती, तो परिवार वाले अपने बच्चों को या तो प्राइवेट स्कूलों में दाल देते हैं या फिर पढ़ाई ही छुड़वा देते हैं। यानी धीरे-धीरे सरकारी स्कूल के बच्चे आना ही बंद कर देते हैं। फिर एक दिन शासन की रिपोर्ट आती है ॅछात्र संख्या कम है, स्कूल बंद कर दिया जाएगा। बाकी जो स्कूल चल रहे हैं उनमें भी बार-बार सुरक्षा के नाम पर छुट्टियाँ घोषित कर दी जाती है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा अब बस एक धार्मिक परंपरा नहीं रही, ये एक सरकारी आयोजन संस्था बन चुकी है। हर साल जैसे ही सावन आता है, प्रदेश का पूरा सरकारी तंत्र एक ही दिशा में दौड़ता है- तीर्थयात्रियों की सेवा। स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक, स्वास्थ्य विभाग से लेकर नगर निगम तक, हर विभाग को आदेश दिया जाता है कि ॅकांवड़ियों की सुविधा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।ॅ जगह-जगह कैंप, मेडिकल कैंप, मोबाइल स्टेडियम, मिस्ट फैन, नमक-पानी तक डाला जाता है। और ये सब फंडिंग आती है सरकारी खजाने से। संयुक्त राष्ट्र द्वारा कोविड-19 के बाद की शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए वैश्विक शिक्षा से संबंधित एक विशेष बैठक आयोजित करने के बाद जारी एक बयान के अनुसार, कोविड महामारी ने पिछले 20 वर्षों में पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों को मिटा दिया है। दुनिया भर में 10 करोड़ से अधिक अतिरिक्त बच्चे पढ़ने-लिखने के न्यूनतम स्तर से वंचित हो गए हैं। रिपोर्ट इस तथ्य को भी सामने लाती है कि इस वैश्विक स्थिति की पृष्ठभूमि में, यह समझना मुश्किल नहीं है कि कोविड के समय में भारत में कितने कम छात्र इंटरनेट के माध्यम से पढ़ाई कर पाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, देश के ग्रामीण इलाकों में केवल 18 प्रतिशत के पास इंटरनेट की सुविधा थी, लेकिन उनमें से कितने वास्तव में इसका उपयोग कर पाए, यह भी संदिग्ध है क्योंकि डेटा पैक खरीदने के लिए पैसे, मोबाइल चार्ज करने के लिए बिजली आदि जैसे कई सवाल इससे जुड़े हैं। रिपोर्ट बताती है कि 42 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा है, लेकिन शहरी गरीब बस्तियों में रहने वाले कितने छात्र इसका लाभ उठा पाए, यह भी एक सवाल है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निजी स्कूलों में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 62 प्रतिशत से ज्यादा शिक्षक पूरी तरह योग्य नहीं हैं। ऐसे में, अगर शिक्षक अपनी पूरी क्षमता से काम करने की कोशिश भी करें, तो वे इसमें कितने सफल होंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। रिपोर्ट में अंत में दस सुझाव भी दिए गए हैं जिनके जरिए देश में सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकती है। इनमें सबसे अहम है पूर्वोत्तर और ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाना और उनके उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करना। कुल मिलाकर, स्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की व्यवस्था करना, सरकारी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा स्कूल खोलना ताकि गरीब और ग्रामीण बच्चे फीस आदि के कारण शिक्षा से वंचित न रहें और शिक्षक-छात्र अनुपात को कम करना यानी शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों की संख्या बढ़ाना, सतत विकास लक्ष्य 2030 को प्राप्त करने की दिशा में कुछ अहम कदम हो सकते हैं। हालाँकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारे देश की सरकार यह सब करने के लिए तैयार है। दरअसल, सभी संकेत यही बताते हैं कि सत्ताधारियों के बीच सभी स्तरों पर सार्वजनिक शिक्षा को कमजोर करने की एक सोची-समझी योजना चल रही है। हमें एक संगठन के रूप में इसे रोकने के लिए



# किरतपुर में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नजीबाबाद किरतपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन में किरतपुर इकाई का गठन करते हुए पदाधिकारियो को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मीटिंग में पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर चर्चा की गई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने तथा संचालन अल्ताफ रजा ने किया।रविवार को डॉक्टर अतहर चैरिटी आई हॉस्पिटल किरतपुर के मीटिंग हॉल में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए जल्द ही सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई है। मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह की सहमति से जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने सर्व सम्मति से रोहिल खान को किरतपुर इकाई में नगर अध्यक्ष, शमीम अंसारी को महासचिव तथा दिलशाद अल्वी को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद ने नव मनोनीत पदाधिकारियो को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वह संगठन के मिशन पत्रकार सुरक्षा कानून के आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए संगठन की नीतियों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि संगठन भारत के 22 राज्यो में काम कर रहा है जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष गुजरात से जिग्नेश कलावाड़िया तथा प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ से अजय प्रताप नारायण सिंह है। संगठन की ओर से नव मनोनीत पदाधिकारी को मनोनयन पत्र देते हुए फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारी रोहिल खान, दिलशाद अल्वी, शमीम अंसारी ने संगठन को मजबूती प्रदान करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर अशरफ अली, शहजाद नोमानी, अल्ताफ रजा, मरगूब हुसैन नासिर, अब्दुल रहमान अल्वी, सुहैल राजू आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार सुरक्षा कानून की लड़ाई मिलकर लड़ेगे: रोहिल खान

अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति में किरतपुर इकाई के नव मनोनीत नगर अध्यक्ष रोहिल खान ने कहा कि पत्रकारों के साथ उत्पीड़न की घटनाएं होना आम बात हो गई है, भारत के छत्तीसगढ़ राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो चुका है जबकि उत्तर प्रदेश में भी इसका लागू होना बेहद जरूरी है। उन्होंने अपनी टीम के साथ पत्रकार सुरक्षा कानून के आंदोलन में बढ़–चढ़कर भाग लेने की बात कही है। नगर संरक्षक दिलशाद अल्वी ने एकता के साथ पत्रकार सुरक्षा कानून की आवाज को उठाने का आह्वान किया है। नगर महासचिव शमीम अंसारी ने कहा कि बढ़ते उत्पीड़न को रोकने के लिए संगठित होना बेहद जरूरी है। किरतपुर इकाई की ओर से जिला अध्यक्ष हाशिम अहमद और जिला महासचिव अशरफ अली को चादर ओढाकर स्वागत किया गया।

# शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे का भव्यता से मनाया गया जन्मोत्सव

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**धामपुर।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमन्त्री एवं शिव सेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव बाल ठाकरे का 65 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला प्रमुख चौ.संजय राणा के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने कादराबाद स्थित डांक बंगले में एकत्र होकर शिव सेना जिन्दाबाद, उद्धव ठाकरे जिन्दाबाद, जय भवानी, जय शिवाजी के उद्घोषक के साथ उद्धव ठाकरे के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला प्रमुख चौ.संजय राणा ने जनपद में शिव सेना का प्रत्येक गाँव, कस्बा, नगर एवं बूथ स्तर तक विस्तार करने एवं हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के सिद्धांत पर चलते हुए हिन्दू एवं हिन्दुत्व की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आवाह्न किया। इस अवसर पर जिला महासचिव डा. सीपी सिंह, जिला सचिव महेंद्र सिंह सिरोही, जिला कार्यकारणी सदस्य मनवीर सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. नागेंद्र सिंह, ऋतिक राणा भवानी सेना से कादराबाद नगर अध्यक्ष राधिका देवी, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, कौशल देवी, बबली देवी, कुमारी बबीता देवी, पूनम देवी उषा देवी, ममता देवी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जातीय टिप्पणी कर युवक पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर।** नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम भदौला निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिनांक 23 जुलाई 2025 को गांव के ही भानू उर्फ पदम, यादराम और ओमू ने उसके पुत्र के साथ जातीय टिप्पणी करते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। शनिवार को थाना नगीना देहात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में वांछित अभियुक्त भानू उर्फ पदम पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम भदौला को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजीव कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार और कांस्टेबल निखिल कुमार शामिल रहे।

# लकी ड्रा के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित






**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकास खंड बेलहर कला के बरगदवाकला स्थित रिलेक्सो डोम्सवेयर कंपनी के तत्वाधान में लकी ड्रा के प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बेलहर कला ब्लाक क्षेत्र के बरगदवाकला स्थित रिलेक्सो डोम्सवेयर कंपनी परिसर में लकी ड्रा के प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान डायरेक्टर अब्दुल्लाह खान ने कहा कि जीवन में सफलता के लिये कड़ी मेहनत जरूरी है। यह कम्पटीशन का दौर है। इस दौर में हमें उतनी ही तेजी से आगे बढ़ना है। उन्होंने बताया कि पांच सौ व्यापारियों ने लकी ड्रा में भाग लिया था जिन्हें विभिन्न प्रकार के पुरस्कार प्रदान किये गये। जिसमे सिद्धार्थनगर मिठवल के राम विलास चौरसिया को प्रथम विजेता के रूप में मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार डुमरियागंज को गोदरेज की फ्रीज, तृतीय पुरस्कार में रेडमी मोबाइल, चतुर्थ पुरस्कार सिद्धार्थनगर के सरहरी इटवा के राम निवास को एलईडी टीवी, पांचवा पुरस्कार रवि किराना को हीरोजेट साइकिल, छटवा पुरस्कार मदन किराना बेलहर को फ्रूट प्रोसेसर सहित अन्य लोगों को प्रेस, इलेक्ट्रिक केतली, ट्राली बैग, सेंटर टेबल, मल्टी कड़ाही आदि पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान अमरुद, जामुन और आंवले के 300 पौधों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद फारूक, रियाजुल हक, अली हुसेन सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार पवन श्रीवास्तव और आफरीन खातून ने किये।

# हत्या के आरोप में पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के बर्डपुर नंबर-13 टोला बसावनपुर गांव से लगभग 600 मीटर की दूरी पर मोतीपुर गांव के एक बगीचे में बुधवार को एक युवक का पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका शव मिला था। इस मामले को पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध हत्या दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में खुलासा कर चार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। हत्या का कारण रास्ते का विवाद ही है। चिल्हिया थाना एसओ राम देव ने बताया कि बीते बुधवार की सुबह गांव के कुछ लोगों ने बताया कि बसावनपुर निवासी रामविलास की मोतीपुर गांव के पास एक बगीचे में एक पेड़ के फंदे से लाश लटक रही है। मौके पर पहुंचकर देखा तो घटना संदिग्ध लग रही थी। शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। गले में गहरे काले रंग के निशान थे। जिसकी बारीकियां से जांच की जा रही थी। उसके बाद उसकी पत्नी की तहरीर पर पांच लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। शनिवार को सूचना मिली कि चार आरोपी क्षेत्र के जीतपुर पानी टंकी के पास मौजूद हैं, और नेपाल भगाने की फिराक में हैं। मौके पर पुलिस पहुंची और चारों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी राम शुभग से पूछताछ की कि इस हत्या के पीछे क्या कारण है। क्यों रामविलास की हत्या कर पेड़ से लटका दिया। राम शुभग ने बताया कि मेरे और रामविलास के बीच रास्ते को लेकर डेढ़ साल से विवाद चल रहा था। इसको लेकर आए दिन बवाल हो जाता था, जिससे तंग आ गया था। 20 दिन पहले रामविलास मुंबई से आया था। सोमवार को मिट्टी गिरा रहा था। उसी दौरान रामविलास आया और कहा कि रास्ता छोड़कर मिट्टी गिराना। इधर से मेरा आने-जाने का रास्ता है। उस दौरान झगड़ा हो गया। कुछ लोगों के बीच बचाव से झगड़ा शांत हो गया। मंगलवार शाम को रामविलास मधुबनिया चौराहे पर गया था। देर रात घर लौट रहा था। मैं रास्ते में साथी हरिकिशुन निषाद, शिवालाल उर्फ गुल्ले और अख्तर के साथ खड़े थे। इस दौरान उने रोककर मारपीटा गया। उसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी।

उसके बाद उसे ले जाकर मोतीपुर गांव के बगीचे में एक पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर लटका दिया। हम लोगों को जानकारी थी कि रामविलास को कोई बच्चा नहीं है। इसी बात को लेकर हत्या कर पेड़ से लटका दिया। ताकि लोगों को लगे कि इसने आत्महत्या कर ली है।

# वनकर्मियों पर हमला कर प्रतिबंधित लकड़ी ले जा रहे आरोपियों में एक और गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**जनपद बिजनौर।** साहूवाला रेंज के अंतर्गत ग्राम मद्पुरी क्षेत्र में प्रतिबंधित खैर की लकड़ी की तस्करी व वनकर्मियों पर हमले के मामले में पुलिस ने एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, वन रक्षक विकास कुमार ने थाना बढ़ापुर में तहरीर दी थी कि उनकी टीम जब ग्राम मद्पुरी में नदी किनारे निरीक्षण पर थी, तभी सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया। शक था कि गाड़ी में अवैध लकड़ी भरी है। रोकने के संकेत पर गाड़ी नहीं रुकी और सवार लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गाली-गलौच की, जान से मारने की नीयत से फायरिंग की और भाग निकले पीछा करने पर गाड़ी को छोड़कर अभियुक्त फरार हो गए। लेकिन कुछ देर बाद आरोपी कृपाल सिंह, छिन्दर, दीपक, सुखविंदर और अन्य अज्ञात लोग मौके पर पहुंचे और दोबारा हमला कर गाड़ी व लकड़ी को लेकर फरार हो गए। इस मामले में अब तक दो अभियुक्तों कृपाल सिंह व रानाकौर को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। वहीं 25 जुलाई को थाना बढ़ापुर पुलिस ने एक और वांछित अभियुक्त इकरार उर्फ भूरा पुत्र फुरकान अहमद निवासी मोहल्ला हलवाईयान, थाना नहटौर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह रात के समय जंगल से खैर की लकड़ी चोरी-छिपे ले जाने का काम करता था। घटना वाले दिन उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लकड़ी पिकअप में लादी थी और वन विभाग की घेराबंदी के दौरान उसके साथी ने फायरिंग की थी। गिरफ्तारी के समय अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी, खैर की लकड़ी के 13 गट्टे, लकड़ी काटने का लोहे का आरा, एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक संजय कुमार, सिनोद कुमार एवं आरक्षी श्याम कुमार, मुकुल, अकीत, सुधीर शामिल रहे।

# किसी को भी चोर होने के शक पर रोककर अभद्रता एवं मारपीट ना की जाये, पुलिस अधीक्षक रामपुर

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जनपद रामपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात्रि में ड्रोन उड़ने सम्बन्धी खबर पिछले कई दिनों से लगातार चल रही है । जिसके सम्बन्ध में रामपुर पुलिस द्वारा कई बार आमजन से सोशल मीडिया व प्रिन्ट मीडिया एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से अफवाहों पर ध्यान न देंने तथा कुछ भी संदिग्ध दिखाई देने पर यू0पी0- 112, अपने नजदीकी थाने या चौकी पर सूचना देने या कन्ट्रोल रूम 9454417428 पर कॉल करके सूचना देने की अपील की गयी है ।पिछलो दिनों थाना टांडा क्षेत्र में एक ड्रोन मिला था, जिसके सम्बन्ध में विस्तृत जाँच से पाया गया कि उक्त ड्रोन खिलौना ड्रोन था, जिसका उपयोग रील बनाने एवं मनोरंजन के रूप में किया जा रहा था रात्रि में अगर कोई व्यक्ति रोड़ पर अथवा गांव में आता-जाता हुए दिखाई दे तो हो सकता है वो व्यक्ति अपने किसी कार्य से जा रहा हो । किसी को भी केवल चोर होने के शक में रोककर अभद्रता एवं मारपीट ना की जाये, रामपुर पुलिस जनपदवासियों के अपील करती है कि रात्रि में अगर आपको कुछ भी संदिग्ध दिखाई देता है तो उसकी सूचना तत्काल रामपुर पुलिस को दे, किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था भंग होने सम्बन्धी कार्य ना करें। रामपुर पुलिस पूर्ण रूप से इस ओर सतर्क दृष्टि बनाए हुए है तथा रात्रि के समय लगातार पैट्रोलिंग की जी रही है रामपुर पुलिस द्वारा लगातार ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर दिशा-निर्देश जारी किये जा रहे है। रामपुर पुलिस पुनः जनपदवासियों के अपील करती है कि शक के आधार पर या संदिग्धता के आधार पर किसी भी व्यक्ति से अभद्रता/मारपीट ना की जाये । किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था भंग ना करें ।

# उमेश पंडित बने ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष

**अनूपशहर :** ब्राह्मण समाज की बैठक में सर्व सम्मति से उमेश पंडित को अध्यक्ष चुना गया। रविवार को डीपीबीएस कॉलेज के सामने स्थित परशुराम धाम में ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन जेपी शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें समाज की एकता, उत्थान, विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। निर्बल ब्राह्मणों की मदद करने के लिए सभी से आगे आने का आह्वान किया गया। युवाओं से शिक्षा के प्रति जागरूक रहकर ब्राह्मण समाज के संस्कार की परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मौके पर सर्वसम्मति से पूर्व सभासद उमेश पंडित को अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर डा. केके शर्मा, महेश गौड़, ओम प्रकाश शर्मा, डालचंद शर्मा, पिंकी शर्मा, सोनू भारद्वाज, अंकुर शर्मा, विनोद शर्मा आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई हरियाली तीज

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** नगर में हरियाली तीज महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। नगर में डायमंड सिटी कॉलोनी स्थित शशि अग्रवाल पत्नी डॉक्टर पवन अग्रवाल के आवास (शशि कुंज) पर तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। तीज महोत्सव में वैश्य समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी महिलाओं ने सावन के मस्ती भरे गीत पर नृत्य किया तथा मेहंदी प्रतियोगिता की गई। शशि अग्रवाल ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए तीज की बधाई दी। तथा सभी महिलाओं को तीज का गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। शशि अग्रवाल द्वारा आयोजित तीज महोत्सव कार्यक्रम की सभी महिलाओं ने प्रशंसा की। इस अवसर पर शशि अग्रवाल, नेहा चौहान, विजेता अग्रवाल, रिद्धि चौहान, स्वाति रस्तोगी, संगीत अग्रवाल, एकता अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, श्वेता बंसल, मेहुल अग्रवाल आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# पूर्व सैनिकों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** बिजनौर मे पूर्व सैनिकों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया कारगिल विजय दिवस। लवकुश फौजी के नेतृत्व में सबसे पहले सभी पूर्व सैनिको ने बिजनौर शहर मे एक पैदल रैली निकाली। रैली के उपरांत काकरान वाटिका बैंकेट हाल मे दीप प्रज्ज्वलित कर कारगिल में हुऐ शहीदों को नमन किया गया। फिर स्कूल के बच्चों द्वारा देश भक्ति के अलग अलग प्रोग्राम प्रस्तुत किये गये। फिर कारगिल युद्ध के योद्धाओं और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। लवकुश फौजी एक पूर्व सैनिक के साथ साथ राष्ट्रीय लोकदल पार्टी में जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ एवं जिला मीडिया प्रभारी पद की जिम्मेदारी भी बाखूबी निभा रहे है। बिजनौर सीडीओ पूर्ण बोरा और सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता दोनो ने लवकुश फौजी को सम्मानित किया। जनपद के पूर्व सैनिको क्या किसी का भी कोई काम हो लवकुश हमेशा सबके साथ खड़ा मिलते है। ऐसे ही हमारे बीच के साथी पूर्व सैनिक राजीव तोमर भाई जो इस समय उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत है। और हमेशा फौजियो के लिए समर्पित रहता है। राजीव को भी बड़े सम्मान के साथ सीडीओ पूर्ण बोरा और पूर्व सैनिकों ने सम्मानित किया गया।और सभी पूर्व सैनिक और वीर नारियों के परिवार ने एक साथ जलपान भोजन किया और आपस मे एक दूसरे के हाल चाल जाने। इस सुंदर प्रोग्राम से मन और दिल दोनो को खुश हो गए।इस कार्यक्रम का श्रेय जिले के सभी पूर्व सैनिको को जाता है। सभी ने बहुत सहयोग किया।

# बिना अभिलेख के उतरवाई जा रही थी यूरिया खाद कृषि अधिकारी ने छापेमारी कर पकड़ा

असदुल्लाह सिद्दीकी



**लोटन/सिद्धार्थनगर।** बॉर्डर पर होने वाली खाद की तस्करी रोकने के लिए पांच विभागों की टीम बॉर्डर पर लगाई गई है। शनिवार रात टीम ने लोटन कोतवाली क्षेत्र के सिकरी बॉर्डर पर एक गोदाम पर छापा मारा।

मौके से 550 बोरी यूरिया बरामद की गई। इसके बाद दुकान का कागजात देखने के बाद गोदाम सील कर दिया गया। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। धान की रोपाई के बीच किसान एक-एक बोरी डीएपी और यूरिया के लिए परेशान हैं। वहीं, बॉर्डर पर तस्कर सेटिंग करके खाद को नेपाल पहुंचाने में जुटे हैं। बॉर्डर पर बढ़ती यूरिया की तस्करी को देखते हुए निगरानी और धरपकड़ के लिए एक स्पेशल टीम बनाई गई है। इसमें पांच विभागों की टीम काम कर रही है। टीम में कृषि, राजस्व, पुलिस, एसएसबी और कस्टम शामिल है। जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल ने बताया कि बॉर्डर पर चेकिंग लिए रात में निकले थे। इसी बीच जानकारी मिली कि अवैध रूप से यूरिया डंप किया जा रहा है, जिसे तस्करी के जरिये नेपाल भेजे जाने की योजना है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए लोटन कोतवाली क्षेत्र के सिकरी बाजार में एक गोदाम पर छापा मारा गया। जहां ट्रक से खाद उतारी जा रही थी। यह गोदाम बाजार से नेपाल बॉर्डर सीमा से सटा है और सिकरी बाजार में है। शिवम ट्रेडिंग कंपनी को जनपद महराजगंज में स्थित सेनाबंदी के संतोष कुमार की ओर से बिना किसी अभिलेख के अवैध रूप से ट्रक पर लाद कर 550 बोरी यूरिया भेजी गई थी, जिसे शिवम ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मुलायम यादव द्वारा अपनी दुकान पर उतरवाया जा रहा था। मौके पर ट्रक पकड़ लिया गया। दुकान पर 272 बोरी यूरिया उतारी जा चुकी थी। शेष 278 बोरी यूरिया अभी ट्रक पर ही थी। नायब तहसीलदार नीरज श्रीवास्तव की अगुवाई में दुकान सील कर दी गई एवं विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में लोटन कोतवाली में तहरीर देकर केस दर्ज करवाया जा रहा है। बॉर्डर पर किसी भी प्रकार से तस्करी नहीं होने दी जाएगी।

## गुरु हरिराय साहिब गुरुद्वारे में सिख संगत ने किया शबद, कीर्तन

**अनूपशहर :** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री हरिराय साहिब में सिख संगत द्वारा शबद, कीर्तन, अखंड पाठ का आयोजन कर उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। रविवार को ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री हरिराय साहिब में ज्ञानी गुरमुख सिंह हापुड़ से आए सिख मिशन धर्म के प्रचारक दिलराज सिंह के नेतृत्व में शबद, कीर्तन, अखंड पाठ, अरदास का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के गांव से आए सिखों ने भाग लिया। दिल्ली से आए रागी जत्था के भाई बनी सिंह की मंडली ने शबद, कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारे में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों को कमेटी द्वारा पुरुस्कृत किया गया। अरदास पूर्ण होने के बाद गुरुद्वारे में लंगर के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर हरमीत कौर, वीना रावल, कमल कौर, रजनी, प्रीत कौर, गुरमीत कौर, मिथिलेश, विजय कौर, मोहित रावल, बलबीर सिंह, वीरपाल सिंह, अभिषेक सिंह, कृपाल सिंह, अमर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नत्थू सिंह आदि मौजूद रहे।

# वृद्ध महिला से सोने का लाकेट छीनने वाला एक बदमाश गिरफ्तार, गया जेल

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद (वाराणसी)।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को मेंहदीगंज अंडरपास से बीते 15 जुलाई को भिखारीपुर गांव स्थित एक सबमर्सिबल पम्प के पास नहाते समय वृद्ध महिला के गले से छीना गया मंगलसूत्र बरामद करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर ली ।एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव व मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बीते 15 जुलाई को भिखारीपुर गांव वृद्ध महिला गोमती में किराना की दूकान में बैठी थी उसी समय स्प्लेंडर बाइक सवार दो युवक पहुंचे और गुटका व पानी सिगरेटें लेकर दोनों बैठे रहे वृद्ध महिला दुकान पर अपने पति को बैठकर पास में सबमर्सिबल पम्प पर नहाने चली गई ।पीछे पीछे दोनों युवक पम्प पर पहुंचकर वृद्ध महिला से बोले कि आपके गले पर कोई कीड़ा है और तुरंत महिला के गले पर हाथ लगाए और मंगलसूत्र छीनकर भाग निकले थे। वृद्ध महिला के पति परदेशी के तहरीर पर मंगलसूत्र छिनैती का मुकदमा दर्ज पुलिस बदमाशों के तलाश में जुटी थी ।तभी मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि एक बदमाश मेंहदीगंज अंडरपास के पास मौजूद है जिसपर पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर राजातालाब थाना क्षेत्र के बभनियाव गांव निवासी पंकज यादव उर्फ लालू को गिरफ्तार करते हुए छीना गया पीली धातु लाकिट पुलिस ने बरामद कर लिया वही लूट में प्रयोग किया गया बाइक भी पुलिस ने बरामद कर लिया ।पुलिस के पूछताछ में बताया बदमाश ने बताया कि अपना खर्चा व शौक पूरा करने के लिए छिनैती करता हूं और माल बेचकर उसी से अपना शौक पूरा करता हूं ।पकड़े गए बदमाश ने बताया कि अभी छिनैती के मामले में जेल में बंद था दो माह पूर्व जेल से छूटा पिता न्यू बाइक स्प्लेंडर लिए है उसी से में और मेरा एक साथ घटना को अंजाम दिया ।थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के खिलाफ रोहनिया, लोहता, जंसा समेत अन्य थानाओ में भी आपराधिक मुकदमें दर्ज है ।जिसका जांच किया जा रहा है ।वही इसका एक साथी सोनू उर्फ अनूप वांछित है जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी के साथ चौकी प्रभारी खजुरी विवेकानंद द्विवेदी, एसआई साबिर खान, अविनाश कुमार सिंह व कांस्टेबल जितेंद्र कुमार यादव व रामाश्रय सरोज रहे।

# कांवरियों के लिए हुआ भंडारा, उमड़ी भीड़




वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** रूपापुर गांव (मिजार्मुराद) के सामने रविवार को राष्ट्रवादी हिन्दू महासभा द्वारा पवित्र श्रावण मास के अवसर पर शिव कांवर भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रयागराज से पैदल जल लेकर जा रहे झुंड की झुंड कांवरियां भंडारे पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया ।प्रसाद में पूड़ी, सब्जी व बनिया पानी की बोतल कांवरियों को मिलता रहा ।इस दौरान संगठन के प्रमुख पदाधिकारी संगठन प्रमुख विवेक पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', विपिन दुबे, रमेश केशरी, जगदीश गुप्ता, अजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता समेत संगठन के अन्य लोग कांवरियां के सेवा में लगे रहे।

# भारत नेपाल सीमा सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक, तस्करी रोकने और सीमा सुरक्षा बढाने पर हुई चर्चा

असदुल्लाह सिद्दीकी



**खुनुवां/सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें सीमा सुरक्षा और पारस्परिक समन्वय पर चर्चा की गई। दोनों देशों ने तस्करी, मादक पदार्थों और मानव तस्करी की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमति बनी।

भारत-नेपाल बॉर्डर पर रविवार को ऑपरेशन कवच के तहत पुलिस चौकी परिसर खुनुवां में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान कस्बे के व्यापारियों सहित सुरक्षा एजेंसियों ने बैठक कर समीक्षा की। समन्वयक बैठक में सीमा सुरक्षा व्यवस्था, नशीली पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, गो तस्करी, भारत-नेपाल राष्ट्र के अतिरिक्त अन्य राष्ट्र के अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने पर चर्चा की गई। बैठक में एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि बैठक का उद्देश्य सीमा की सुरक्षा को मजबूत करना और संवेदनशील बिंदुओं की पहचान कर आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठाना है। क्षेत्राधिकारी सुजीत राय ने अन्य एजेंसियों के साथ बॉर्डर पर वाहनों व हर आने-जाने वाले लोगों की गहनता से जांच कराने व सीमावर्ती गांवों से ग्राम सुरक्षा समितियों से अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की। इस दौरान थानाध्यक्ष विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी, ऑपरेशन कवच के इंस्पेक्टर रामकुमार, एसएसबी के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा, सब इंस्पेक्टर सौरभ कुमार दुबे, एलआईयू इंस्पेक्टर हीरा लाल यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता, महामंत्री सचमुच त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि गंगाधर मिश्र, संतोष कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# हवालात से लंगड़ाने हुए निकले आमिर ने कहा, अब मैं सबको अपनी बहन समझूंगा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** अब मैं सबको अपनी बहन समझूंगा। ये कहना लंगड़ाते हुए आमिर का है, जब वह हवालात से निकला तो यही कहता हुआ नजर आया। कि अब मैं सबको अपनी बहन समझूंगा। गैस चूल्हा ठीक करने वाला आमिर हवालात तक कैसे पहुंचा और फिर उसे हाथ जोड़कर माफी क्यों मांगनी पड़ी, जाहिर है ये सुनकर आपको भी गुस्सा आ जायेगा। दरअसल बालाजी विहार इलाके के एक घर में आमिर नाम का एक व्यक्ति गैस चूल्हा ठीक करने गया था। मगर उसकी गलत नियत एक आठ साल की मासूम बच्ची पर पढ़ गई। जिसके बाद उसने मासूम बच्ची से गंदी हरकत की, परिजनों ने जब इस मामले की पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिर हवालात में उसके साथ क्या हुआ इसका अंदाजा आमिर के लंगड़ाने से आसानी से लगाया जा सकता है। ये मामला बीते शनिवार का है, जब बालाजी विहार के एक मकान में आमिर को गैस चूल्हा ठीक करने के लिए बुलाया गया था। उसे रविवार को आने के लिए कहा गया था मगर वो शनिवार को ही पहुंच गया। जिस वक्त आमिर घर पर पहुंचा तब घर में बुजुर्ग महिला और एक आठ साल की मासूम बच्ची अकेली थी। परिवार के दूसरे लोग काम से बाहर गए थे। लिहाजा अकेलेपन का फायदा उठाकर वह बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने लगा। इतनी देर में परिवार के दूसरे सदस्य घर में वापस लौट आए। मगर आमिर चूल्हा ठीक होने का बहाना बनाकर घर से निकल गया।

# शिव पथ द्वादश ज्योति लिंग पदयात्रा का आयोजन

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** काशी की प्रतिष्ठित सनातनी संस्था ब्रह्मा राष्ट्र एकम विश्व महासंघ न्यास के तत्वाधान में आज प्रातः 7:00 बजे गांधीनगर पार्क सिगरा से शिव पथ द्वादश ज्योतिर्लिंग पद यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आध्यात्मिक पद यात्रा में वाराणसी नगर में स्थित 12 प्रमुख ज्योतिर्लिंग स्थलों की परिक्रमा की जा रही है एवं जल अभिषेक किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने उपस्थिति दर्ज कराई एवं यात्रा का विधिवत्त शुभारंभ किया उन्होंने कहा कि यह यात्रा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं शिव तत्व की सार्वभौमिक चेतना से प्रचार प्रसार का एक अनुपम प्रयास है। इस अवसर पर श्री कुल पीठ के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 डॉ. सचिंद्रनाथ महाराज ने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य शिव उपासना की अखंड ज्योति को प्रज्वलित करना एवं सनातन संस्कृति के जागरण को व्यापक जनमानस तक पहुंचना है और युवाओं को जोड़ना है ।इस दौरान सतीश चंद्र मिश्रा, प्रिया मिश्रा, कुशाग्र मिश्रा, पंडित अवलेश पांडेय उप महंत (प्रमुख मंदिर) काशी, संतोष कश्यप, कमलेश शुक्ला, पवन सूर्यवंशी, शिवांगी, रागिनी समेत अन्य लोग रहे।

# डीएम और एसएसपी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से श्रद्धालुओं की संख्या का जायजा लिया



वेलकम इंडिया

**मथुरा/व्रन्दावन।** पवित्र हरियाली तीज पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने श्री बांके बिहारी जी मंदिर तथा आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने श्री बांके बिहारी जी मंदिर में स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से श्रद्धालुओं की संख्या का जायजा लिया। उन्होंने भीड़ प्रबंधन हेतु मंदिर परिसर में तैनात सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि मंदिर में भीड़ को रुकने न दे, श्रद्धालुओं को निरंतर चलायमान रखने। उन्होंने कहा कि मन्दिर तथा मंदिर के प्रवेश व निकास द्वारों पर भीड़ रुकनी नहीं चाहिए, निरंतर पी0ए0 सिस्टम से अनाउंसमेंट करते रहे। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने श्री बांके बिहारी जी मंदिर को जोड़ने वाली विभिन्न मार्गों तथा गलियों का जायजा लिया।

# आरओ/एआरओ की परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोषागार एवं हाजरी मल सोमानी इंटर कालेज का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा०) परीक्षा-2023 के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय/कोषागार मथुरा का निरीक्षण किया। इस परीक्षा से सम्बंधित प्रश्नपत्र व उत्तर पत्रक मुख्य कोषागार मथुरा में रखे गए थे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के निदेर्शानुसार आज दिनांक 27-07-2025 को प्रातः 05:30 बजे कोषागार से 51 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा सामग्री प्राप्त कराई गई। कोषागार मथुरा से समस्त 51 केंद्रों के 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा सामग्री प्राप्त करते हुए अपने केंद्रों के लिए रवाना हुए। जिलाधिकारी ने स्वयं उपस्थित होकर उक्त कार्य का पर्यवेक्षण किया। कोषागार मथुरा निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने हजारी मल सोमानी नगर निगम इंटर कॉलेज वृंदावन का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र पर उपस्थित मजिस्ट्रेट से वार्ता की तथा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# स्वर्ण रजत एवं हरियाली के बीच विराजे गिरिराज प्रभू

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** हरियाली तीज पर दानघाटी मंदिर में स्वर्ण एवं रजत जड़ित पोशाक और हरियाली के बीच गिरिराज प्रभू ने भक्तों को दर्शन दिए। रविवार को प्रातः मंगलाभिषेक में वरिष्ठ सेवाधिकारी मथुरादास कौशिक उर्फ लाला पंडित के निर्देशन में गिरिराज जी की गंगाजल, दूध, दही, शहद, इत्र आदि से अभिषेक कर आरती उतारी गई। दोपहर को फूल बंगला सजाकर प्रभु हरित श्रृंगार किया गया। दानघाटी मंदिर में विराजमान गिरिराज प्रभू हरियाली के बीच नजर आए। वैसे तो गिरिराज प्रभू हरी-भरी लता-पताकाओं के बीच में पूरे सात कोस में फैले हैं, लेकिन प्रमुख मंदिर दानघाटी में विराजमान गिरिराज प्रभु ने श्रीकृष्ण की बाल छवि में दर्शन दिए। शाम को हुए श्रृंगार में गिरिराज प्रभु के सिर पर चांदी का छत्र और चांदी-सोने जड़ित पोशाक और हाथ में सोने की बांसुरी के दर्शनों ने भक्तों का मन मोहा। ठाकुर जी के भव्य श्रृंगार दर्शन के साथ मंदिर के बाहरी और भीतरी भाग को प्राकृतिक शैली को ध्यान में रखते हुए फूलों का बंगला और आधुनिक रोशनी के लिए लाइट मंदिर के आंगन को रोशन कर रहीं थीं। वरिष्ठ सेवायत मथुरादास कौशिक लाला पंडित ने बताया की ब्रज में ठाकुर जी की पूजा बाल स्वरूप में ही की जाती है। यहां बालकपन में ही भगवान ने लीलाएं की हैं। इन लीलाओं के साक्षी हजारों वर्ष से गिरिराज प्रभु हैं। श्रावण महीने में झूलनोत्सव राधा और कृष्ण के प्रेम का प्रतीक हैं, पर यहां तो सात वर्ष की आयु में सात कोस में फैले गिरिराज पर्वत को उठाकर भगवान ने अपना स्वरूप प्रदान किया था। इन्ही गिरिराज देव को श्री कृष्ण के रूप में पूजा जाता है।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान के तीसरे चरण की पुनः शुरूवात

वेलकम इंडिया



**मथुरा/सोंख।** बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर के सौजन्य से सफाई अभियान के तीसरे चरण की शुरूआत दिनांक 27जुलाई को की गई। अभियान की शुरूआत विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, वीरपाल प्रधान, पंकज चौधरी, हरिओम के द्वारा की गई। विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह ने कहा कि श्री गोवर्धन पर्वत को पृथ्वी के सर्वाधिक पवित्र स्थानो में से एक माना जाता है। मूल रुप से गिरिराज श्रीकृष्ण के सीने अथवा हृदय से गोलोक में अवतरित हुए थे। प्रकाश के स्वरुप में दिव्य प्रेम पृथ्वी पर गिरा और वह एक विशालकाय पर्वत का आकार ग्रहण करने लगा, जिसे श्री ठाकुरजी एवं राधाजी का आशीर्वाद प्राप्त था। यह श्री राधाकृष्ण की अनेक लीलाओं से जुड़ा हुआ है,और आज भी व्रज क्षेत्र में आने वाले सभी लोगों के लिए इस पवित्र स्थान की परिक्रमा बहुत महत्वपूर्ण होती है ह्ल

बाबा कढेरा आवासीय विद्यालय प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, ने कहा कि गोवर्धन आस्था ०विश्वास का प्रतीक है यहाँ देश झ्र विदेश के गिर्राज भक्तजन काफी संख्या में परिक्रमा ० दर्शन के लिए आते है। गुरुपूर्णिमा में लाखो की संख्या होती है। गिर्राज की तलहटी गोवर्धन स्वच्छता की बहुत समस्याएं रहती है, वैसे स्वच्छता के प्रति शासन झ्र प्रशासन, स्थानीय जन प्रतिनिधि लगातार काम करते रहे है परन्तु क्षेत्र बड़ा होने के कारण समस्या रहती है क आज के अभियान में 34 लोगों के साथ 32 झाड़ू लेकर परिक्रमा मार्ग खम्बा नंबर-135 से खम्बा नंबर-170 तक सफाई की गई है।

सफाई अभियान कार्यक्रम में चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, डॉ. अशोक, बीरपाल प्रधान, रामबाबू मुकेश पंकज चौधरी अनन्या चौधरी राघव, उप प्राचार्य रामबाबू, कोऑर्डिनेटर विपिन सिंह दाऊजी पंडित, हरिओम सिंह, उधम, हरिराम, मनोज, बेदप्रकाश, जगदीश, महेश, उत्कर्ष देव भोला पंडित, ऋषि पंडित, बच्चू, हाकिम चौधरी, आदि मौजूद रहे ।

# प्रधान पुत्र के ऊपर जानलेवा हमला करने के मामले में 02 अभियुक्त पुलिस से बचने के लिए बदलते रहे ठिकाना, पुलिस ने असलहों के साथ किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बखिरा उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार सिंह, हे0का0 अमित सिंह, हे0का0 आदित्य यादव, का0 संजय यादव व जनपदीय एसओजी के हे0का0 बृजकिशोर गुप्ता, का0 सर्वेश मिश्र, का0 दीपक सिंह, का0 वीर बहादुर यादव, का0 शुभम कुमार सिंह, का0 अरुण हलवाई, का0 विवेक मिश्र ने कार्यवाही करते हुए रविवार को हत्या के प्रयास के मामलें में संलिप्त 02 नफर अभियुक्त शिवम पाठक उर्फ बन्टी पाठक पुत्र सतीश चन्द्र पाठक उर्फ मोनू निवासी सिहटीकर थाना बखिरा, अमन पाल पुत्र रामानन्द पाल निवासी लखनापार थाना महुली को बरदहिया बाजार अंगारा रेस्टोरेंट के पास रिषभ सिंह मकान से 01 अदद अवैध पिस्टल, 01 अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। दिनाँक 16.07.2025 को वादी श्री देवेन्द्र यादव पुत्र विद्याधर यादव निवासी करैली थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना बखिरा पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनाँक 16.07.2025 को जब वादी तिघरा ब्लाक पर थे उसी समय उक्त अभियुक्तों ने अपने साथियों के साथ मिलकर ने वादी को गाली दिया व मारा पीटा तथा जान से मारने की नीयत से पिस्टल से वादी के उपर फायर किया।प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना बखिरा पर मु0अ0सं0 273/2025 धारा 191(2), 191(3), 109, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस पंजीकृत किया। बरामदगी का विवरण 01. घटना में प्रयुक्त 01 अदद नाजायज पिस्टल .32 बोर।02. 01 अदद जिन्दा कारतूस। पूछताछ करने पर बंटी पाठक उर्फ शिवम ने बताया कि करीब एक महीने पहले सौरभ मिश्रा निवासी समदहा की देवेन्द्र यादव पुत्र विद्याधर यादव निवासी करेली थाना बखिरा से कहासुनी हो गयी थी जिस पर मैने भी देवेन्द्र यादव से कहासुनी की थी, इस घटना के बाद देवेन्द्र यादव ने मुझे एक दिन बघौली चौराहे पर भला झ बुरा कहा गया था जिससे आवेशित होकर मैने दिनाँक 16.07.2025 शाम को अपने साथी अमन पाल व अन्य के साथ मिलकर देवेन्द्र यादव पर बघौली ब्लाक के गेट के पास फायर किए थे लेकिन वह बच गया।अभियुक्त अमन ने पूछताछ करने पर बताया कि बंटी पाठक मेरा दोस्त है।उसी के कहने पर मै घटना में शामिल हुआ था।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, पैरों में लगी गोली, एक सिपाही भी घायल

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** देवरनिया थाना पुलिस ने शनिवार रात चेकिंग के दौरान दो लुटेरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। फायरिंग में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, वहीं इस मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है। बदमाशों ने पिछले दिनों हुई एक सरार्फा के साथ लूट की घटना को कबूल कर लिया है, उनसे लूट के जेवर, नकदी और चोरी की बाइक भी बरामद हुई है। बदमाशों के साथ ये मुठभेड़ रहपुरा घनश्याम गांव के पास नहर पटरी पर हुई। पुलिस रात में चेकिंग कर रही थी तभी अपाचे बाइक पर सवार दो लोग आते दिखे। रोकने पर उन्होंने फायरिंग कर दी और बाइक की गति तेज कर भागने लगे।जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं, इसमें दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए।पकड़े गए बदमाशों की पहचान दिनेश निवासी बुझिया सुमाली, थाना भोजीपुरा और शिवम निवासी गुलड़िया, थाना मीरगंज के रूप में हुई है।पूछताछ में दोनों ने 15 जुलाई को देवरनियां थाना क्षेत्र के बंजरिया जागीर और कुआंडांडा के बीच सरार्फा व्यापारी विनोद कुमार रस्तोगी से लूट करने की वारदात कबूल कर ली है।पुलिस ने व्यापारी से लूटी गई चेन और नकदी भी बरामद कर ली है। सीओ बहेड़ी अशोक कुमार सिंह ने बताया है कि मुठभेड़ में घायल कांस्टेबल नितिश और दोनों बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बदमाशों पर पहले से भी मुकदमे दर्ज होने की जानकारी मिली है। मुकदमों का रिकार्ड देखकर इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

# पूरी ईमानदारी से निभाएं अपनी जिम्मेदारी, सफलता कदम चूमेगी ,डॉ रश्मिकांत जैन



वेलकम इंडिया

**कांधला।मोहसीन रहमानी।** नगर के स्टेट बैंक स्थित भाजपा मण्डल कार्यालय पर रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पार्टी के नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। मण्डल अध्यक्ष डॉ रश्मिकांत जैन ने माला पहनाकर व पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया।

डॉ रश्मिकांत जैन ने कहा कि लोगों की जिम्मेवारी भर अलग-अलग होती है।इसलिये पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ता मिलकर निष्ठापूर्वक ईमानदारी से अपनी जिम्मेवारी निभाएं, सफलता कदम चुमेगी।संगठन तभी मजबूत होगा जब आपस में एकता एवं पार्टी के प्रति समर्पण होगा। संगठन सर्वोपरि है।उसके बाद ही कोई मंत्री व विधायक है।साथ ही मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी प्रतिदिन अपने क्षेत्र व जनता के लिये समय निकालें।उनकी समस्याओं को सुनकर उसे दूर करने का कार्य करें। साथ ही सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुये उसका लाभ भी लोगों को दिलाएं। मौके मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, रवि नामदेव, डॉ राजवीर, घनश्याम सैनी, मंडल महामंत्री दीपक गुप्ता, अशोक चौहान, मण्डल मंत्री जितेंद्र चौहान, देवी चन्द्र बिडला, संजय तिवारी,अभिषेक गर्व, गौरव चौधरी, सादिक आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों को पुलिस का सख्त संदेश

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान।** भरतपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ धौलपुर पुलिस का विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान। शाम को सभी थानों की पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग और नाकाबंदी कर चलाया गया था अभियान, सायंकालीन अभियान में कुल 426 की गई कार्रवाईयां। सुबह ही सभी थानों की पुलिस टीमो ने जिले के हार्डकोर अपराधियों के घरों पर दी दबिश, दबिश के दौरान की गई गहन जांच पडताल। राजीव कुमार शर्मा कढर महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर एवं कैलाश चन्द्र विश्नोई कढर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज, भरतपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान कढर के निर्देशन में जिले में आगामी त्योहारों यथा हरियाली तीज, रक्षा बंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस आदि के मध्यनजर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से शाम से दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन का अभियान शुरू किया गया है जिसमें सभी थानाधिकारीगणो द्वारा सायंकालीन पेट्रोलिंग और नाकाबंदी के दौरान अलग अलग स्थानों पर प्रभावी चैकिंगएवं कार्रवाई की गई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाडी कमल कुमार जांगिड एवं सभी वृत्ताधिकारीगणो के द्वारा इस अभियान का पर्यवेक्षण किया गयो इस दौरान जिले भर में सघन पेट्रोलिंग और नाकाबंदी अभियान के दौरान असामाजिक तत्व पुलिस के रडार पर रहे, देर शाम तक जिले भर में कुल 426 कार्रवाई की गई जिसमें 60 पुलिस एक्ट न्यूसेंस फैलाने पर 69, 355 बीएनएस शराब पीकर उत्पात मचाने पर 11, आबकारी अधिनियम में 07 प्रकरण, अवैध हथियार में 01, जुआ एवं सट्टे में 08, अन्य स्पेशल एक्ट में 02, शांतिभंग में 38 और एमबी एक्ट सडक सुरक्षा में 292 कार्रवाईयां की गईं तडके से ही जिले भर के हार्डकोर अपराधियों के घरों एवं संभावित ठिकानों पर दी गई दबिश - पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के दूसरे चरण में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में जिले के सभी थानों पर विशेष टीमों का गठन कर अल सुबह से जिले के हार्डकोर अपराधियों के घरों व संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उनको चैक किया गया, जिले में कुल 30 हार्डकोर अपराधी है जिनमें से 10 जेल में है, बाकी 20 में से 15 जमानत और 05 फरार चल रहे है पुलिस की टीमों द्वारा हार्डकोर अपराधियों के घरों पर दबिश देकर उनके निवास स्थानों को चैक किया गया, उनके मोबाइल और अन्य इलक्ट्रोनिक आइटम व वाहन भी चैक किये गए, साथ ही उनके वाहन एवं उनके घर में आबकारी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स संबंधित कोई भी कागजात भी खंगाले गये, इस कार्रवाई के दौरान जिले भर के 07 हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी गई है इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता में विश्वास और अपराधियों में भय का वातावरण बनाना है,

पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी न्याय मिले, जिससे नागरिकों का विश्वास बनाए रखा जा सके।

# सड़क दुघर्टना में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया



**अहमदगढः** क्षेत्र के गांव खुदादिया निवासी राजकुमार मीणा पुत्र सूरजपाल मीणा ने थाने में आटो चालक के खिलाफ तहरीर देते हुए कहा है कि 22 जुलाई शाम करीब 4 बजे बड़ा भाई राकेश कुमार 55 वर्ष अहमदगढ में स्थित जनसेवा केंद्र पर रुपए निकालने के लिए गया था। वहां पैदल सड़क पार करते समय पीछे से आए आटो ने जोरदार टक्कर मारकर मौके से भाग गया। जिसमें राकेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया था। स्वजन घायल को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले गए वहां चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार शाम करीब 9 बजे उपचार के दौरान मेरठ के चिकित्सालय में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर गांव में शौक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया।थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा का कहना है कि मृतक के भाई राजकुमार की तहरीर पर आटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक ने कार्यकताओं संग ककोड़ में सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



वेलकम इंडिया


**ककोड़ (सिकंदराबाद विधानसभा):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण आज नगर के बूथ संख्या-376 पर सुना गया।इस अवसर पर सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ भाग लिया और प्रधानमंत्री जी के विचारों को आत्मसात किया।

विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात भारत की आत्मा की आवाज है, जो जन-जन को जोड़ती है और देश को दिशा देती है।ह्व उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारत की ऐतिहासिक धरोहरों पर विशेष प्रकाश डाला और बताया कि यूनेस्को ने 12 मराठा किलों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स के रूप में मान्यता दी है। इनमें 11 किले महाराष्ट्र के हैं और एक तमिलनाडु में स्थित है।प्रधानमंत्री ने इन किलों की ऐतिहासिक महत्ता बताते हुए कहा कि ये किले केवल ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि हमारे संस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्र की गौरवगाथा के प्रतीक हैं। शिवनेरी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ था, जबकि प्रतापगढ़ में अफजल खान पर विजय प्राप्त की गई थी। ऐसे ही चित्रदुर्ग, गुलबर्गा, चित्तौड़गढ़, आमेर और जैसलमेर जैसे अनेक किले भारत के वीर इतिहास की गवाही देते हैं। इस अवसर पर ककोड़ नगर पालिका चेयरमैन मोहित सिंघल, ककोड़ मंडल अध्यक्ष ललित भाटी, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष वंदना अग्रवाल, महामंत्री पीतांबर प्रजापति, सुरेंद्र सिंह सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## मेहंदी प्रतियोगिता में गरिमा ने मारी बाजी

**बुलंदशहर.**स्याना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चांदपुर पूठी स्थित स्वामी विवेकानंद एकेडमी में हरियाली तीज महोत्सव मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया रविवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक मास्टर जसवंत सिंह व प्रधानाचार्य मास्टर राजवीर सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया प्रधानाचार्य ने बताया है कि मेहंदी प्रतियोगिता में स्कूल की कक्षा 5 से कक्षा 8 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वही मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न डिजाइनों की मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा कक्षा 7 की गरिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कक्षा 6 की छात्रा शोभा व कक्षा 6 की ही छात्रा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी विजेता छात्रों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान स्कूल अध्यापक राजीव राघव तेजवीर सिंह अवनी देवी कोमल वर्मा चंचल कुमारी, काजल कुमारी राधिका मिथलेश नन्दनी राजपूत अतिका साक्षी शिमरन लवली गरिमा डोली आदि मौजूद रहीं।

# किसान ढाबे पर आयोजित हुई खिलाड़ियों की बैठक



वेलकम इंडिया

**कांधला।मोहसीन रहमानी।** क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित किसान ढाबे पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ ने क्षेत्र के सेंकड़ों युवाओं के साथ बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद प्रधान और संचालन विकास ने किया। इस दौरान खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अरविन्द पंवार ने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेल में आगे बढ़ाने के लिए अपनी सम्पूर्ण सांसद निधि खिलाड़ियों के लिए खर्च कर रहे।क्षेत्र में चौधरी सहाब की निधि से गाव कनियान में चौधरी अजीत सिंह कबड्डी इंडोर कोर्ट बनवाया।जिसमें में क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर निखारने का कार्य होगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को सरकारी और निजी क्षेत्र मे नौकरी मिल सके। जिला अध्यक्ष विनोद प्रधान ने कहा कि संगठन के सदस्य क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में पूरा सहयोग करेंगे। इस दौरान बैठक में लोक दल के कार्यकर्ता एवं दर्जनों युवा खिलाड़ी मौजूद रहे।

# डीएम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में आज 27 जुलाई 2025 (रविवार) को जनपद के 19 परीक्षा केंद्रों पर उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा-2023 निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सकुशल, नकल विहीन व सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

परीक्षा को सुचितापूर्ण, नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे दिन जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहकर सुविधाओं/व्यवस्थाओं सहित कानून व्यवस्था व अन्य परिस्थितियों का जायजा लिया जाता रहा। डीएम व एसपी द्वारा निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरा से परीक्षा की सुचिता आदि के संबंध में निरंतर जानकारी ली जाती रही। उल्लेखनीय है कि आरओ/एआरओ की परीक्षा जनपद के 19 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 09:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक आयोजित की गई। जिसके लिये कुल 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये थे। जनपद में 19 केन्द्रों पर परीक्षा देने हेतु पंजीकृत कुल 8299 अभ्यर्थियों में से 3921 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 4378 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया संपन्न हुई।

# मोहल्ले में पानी न आने पर फूटा मोहल्ले के लोगों का गुस्सा

वेलकम इंडिया



**कांधला।मोहसीन रहमानी।** कस्बे के गंगेरू रोड पर पानी न पहुंचने के चलते मोहल्ले के लोगों ने पालिका प्रशासन, वार्ड सभासद और चेयरमैन के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन किया।पीड़ितों ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायत कर पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।रविवार को कस्बे के गंगेरू रोड निवासी दर्जनों महिला पुरुषों ने पालिका प्रशासन वार्ड सभासद और चेयरमैन के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन किया।मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि तीन महीने से उनकी बस्ती में पानी नहीं आ रहा है।जिसके चलते मोहल्ले के लोग भीषण गर्मी में नरकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं।भीषण गर्मी में पानी नहीं मिलने के चलते पीड़ितों के बच्चे बीमार होने के साथ ही पशु भी बीमार हो गए हैं।आरोप है कि पानी के मामले में जब वार्ड सभासद, नगर पालिका प्रशासन और चेयरमैन नजमुल इस्लाम से शिकायत की जाती है तो बहाना बना दिया जाता है कि पानी की टंकी का मोटर खराब है जिस कारण पानी नहीं आ रहा है।मोहल्ले के लोगों ने हंगामा प्रदर्शन करते हुए वार्ड सभासद और चेयरमैन नजमुल इस्लाम मुदार्बाद के नारे लगाए। मोहल्ले के लोगों ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर लगाई पानी की व्यवस्था कराए जाने की गुहार। इस दौरान मोबीन, मुरसलीन मलिक, पोदा, अनीस, शहनाज, वसीमा, शाहिद, शाहनवाज, मोहसीना, राहिल सहित आदि महिला पुरुष मौजूद रहे।पालिका लिपिक आरिफ खान का कहना है कि ट्यूबवेल का पंखा खराब हो गया था दुरुस्त करा दिया है सभी स्थानों पर पानी की व्यवस्था कर दी गई है।

# छात्र नेता इरफान मलिक ने की थी परीक्षार्थियों के रहने व खाने की निशुल्क व्यवस्था

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार




हाथरस में रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित आरओ-एआरओ 2023 की परीक्षा रामबाग, अक्रूर राजेन्द्र लोहिया विद्या मंदिर, सेठ फूलचंद बागला डिग्री कॉलेज तथा पीबीएएस इंटर कॉलेज में आयोजित हुई थी। बाहर से आने वाले प्रीक्षार्थियों को असुविधा न हो इसके लिए छात्र नेता इरफान मलिक ने अलीगढ़ रोड़ होटल रिवर व्यू एंड रेस्टोरेंट में उनके रहने व खाने की निशुल्क व्यवस्था की गई थी। जिसमें करीब 65 युवक और युवतियों किरण, विवेक यादव, राहुल कुमार, अभिषेक शर्मा, पंकज, शिवम बघेल, अभिषेक सक्सेना, फैजान, कुमारी आरती, संदीप सिंह, कुलदीप कुमार, आरती देवी, संजू कुमारी ,इमरान खान, राहुल कुमार ,शिव नारायण प्रताप ,रुखसार खातून ,अमरजीत, जीतू चौधरी ,अमन पांडे, राहुल कुमार ,संदीप सिंह ,अवनीश कुमार यादव, संजू यादव, वीरपाल मलिक ,कुमारी आरती ,निशा देवी ,अरमान मलिक, रूबी खान, हर्ष चौधरी, रघुराज ,पंकज दुबे ,अनिल पांडे ,अमन यादव ,रेणुका यादव ,धीरज ,अवनीत कुमार ,आरजू देवी, रोहित प्रताप अंजली देवी बंटी चौधरी आदि परीक्षात्रियों ने फायदा लिया। इस दौरान सभी परीक्षात्रियों ने इरफान मलिक का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। छात्र नेता ने इरफान मलिक ने कहा कि मेरी ओर से अखबारों में परीक्षात्रियों के लिए निशुल्क सहायतार्थ हेतु प्रकाशन कराया था। हमारे रेस्टोरेंट में बाहर से आरओ-एआरओ 2023 की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क रहने व भोजन की व्यवस्था की गई थी। जिससे परीक्षार्थियों को कोई भी परेशानी नही हुई। परीक्षा देने के बाद सभी अभ्यर्थी अपने घर के लिए चले गए।

# संघर्ष महिला संगठन ने किया मानसून फेस्टिवल तीज क्वीन कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**झाँसी**। संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान श्रावण मास के अवसर पर मानसून फेस्टिवल तीज क्वीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थानाध्यक्ष किरन रावत एवं डॉ नीति शास्त्री ( समाजसेविका )उपस्थिति रहीं। अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में डॉक्टर अलका शेट्टी और ईशा अरोरा सम्मिलित रहे। इस अवसर पर संगठन की प्रेसिडेंट नेहा तिवारी को दिल्ली में मिसेज एशिया इंटरनेशनल का खिताब जीतने पर सभी सदस्यों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिला सदस्यों ने रैंप वॉक और सोलो डांस कर अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में तीज क्वीन का फर्स्ट पुरस्कार डॉक्टर फैरी एवं फर्स्ट रनर अप का पुरस्कार नूपुर अग्रवाल को मिला जबकि सेकंड रनर अप के रूप में साक्षी शिखा अरोरा ने विजयी रही, तीनों विजेताओं को क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात बेस्ट सोलह श्रंगार में ज्योति नगरिया, बेस्ट ब्यूटी में कशिश अग्रवाल, बेस्ट स्टाइल में अंकिता अग्रवाल, बेस्ट डांस में उपासना गुप्ता, बेस्ट स्माइल में दीप्ति सोनी, बेस्ट कॉन्फिडेंस में संयुक्ता शर्मा ने जीत हासिल की, मंच पर सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा विजयी घोषित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट नेहा तिवारी, वॉइस प्रेसिडेंट मोना राय, ट्रेजरार रक्षा शर्मा, सेक्रेटरी अंजलि अग्रवाल, प्रोग्राम डायरेक्टर प्रियंका नाछोला, चांदनी हयारण, सीनियर मेंबर शिल्पी गुप्ता, ओमनी राय, अंकिता अग्रवाल, प्रेरणा साहवानी, तमन्ना राय, कशिश अग्रवाल व अंय मेंबर्स में ज्योत्स्ना, दीपा अग्रवाल, सोनिया सिंह, संचिता अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, सीमा मोदी, रूपाली गर्ग, नीतू अग्रवाल, शैलू अग्रवाल, जया पमनानी, श्वेता जैन, राधा अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता, प्रियंका परिचा, नीलम नरवानी, नेहा अग्रवाल, हिना प्रियंका अग्रवालआदि उपस्थित रही।

## डीएम-एसपी ने जिला में हुई आरओ,एआरओ 2023 के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

**हाथरस**। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित आरओएआरओ 2023 परीक्षा की शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण सम्पन्नता सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रामबाग इंटर कॉलेज, अक्रूर इंटर कॉलेज, राजेन्द्र लोहिया विद्या मंदिर, सेठ फूलचंद बागला डिग्री कॉलेज तथा पीबीएएस इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण करते हुए यह स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि के दौरान कोई भी कैमरा बंद न हो। तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल तकनीकी सहायता प्राप्त कर समस्या का त्वरित समाधान कराया जाए। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं गोपनीयता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान** । हरियालो राजस्थान 2.0 के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सैंपऊ में किया गया। छात्र-छात्राओं और स्टॉफ द्वारा विद्यालय परिसर सहित कस्बे में कई जगह वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में संदेश भी दिया गया। विद्यालय के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी बालकिशन यादव ने अशोक के 41 पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था प्रधान मटरे लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रजाति के 250 पौधे लगाए गए तथा छात्र-छात्राओं के माध्यम से कस्बे में 600 पौधों का रोपण किया गया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बहुत ही जरूरी है। जीवनदायनी आक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत वृक्ष है, इसकी आवश्यकता सभी को समझनी होगी। मानव जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है। यदि वृक्ष नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन संकट में पड़ जाएगा। जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च जरूरत है। बालकिशन यादव ने कहा कि अशोक के पौधे जब तक बड़े नहीं हो जाते, तब तक वह उनकी पूर्ण देखभाल करेंगे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन तीनों जीवन के प्रमुख आधार हैं। विकास के मौजूदा माडल की विफलता यह कि जीवन के इन तीनों आधारों को प्रदूषण ने लील लिया है। वृक्षारोपण प्रभारी भूपेन्द्र सिंह परमार ने बच्चों से अपील की कि पौधारोपण के साथ इसके संरक्षण पर भी ध्यान रखने की आवश्यकता है।

हम सभी का दायित्व है कि हरा-भरा माहौल बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उसको संरक्षित करें। इस मौके पर चन्द्रभान सिंह, दीपक तिवारी व गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# पीडीए की एक जुटता से बचेगा संविधान व देश :महबूब अली

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** : सपा जिलाध्यक्ष मतलूब अली के नेतृत्व ग्रीन इंडिया मैरिज होम में आयोजित संविधान व आरक्षण दिवस कार्यक्रम में पहुँचे पूर्व मंत्री महबूब अली ने कहा की पीडीए की एक जुटता से बचेंगा संविधान व देश क्योंकि अब वोट काटने की साजिश की जा रही जो बिहार इसका नमूना है, जनपद में आगमन पर पूर्व मंत्री महबूब अली का जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री महबूब अली ने कहा पार्टी कार्यकर्त्ता मिशन 2027 के विधानसभा चुनाव में जुट जाये और बूथ स्तर पर जाकर कार्य करें क्योंकि बूथ मजबूत होगा तभी हम चुनाव को जीत सकेंगे और सपा मुखिया अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बना सेकेंगे :उन्होने कहा अखिलेश यादव ही देश बचाने व संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे, मुख्य अतिथि महबूब अली ने कहा है कि जनपद की सातों सीटे जितने का काम करें और जिसे भी टिकट हो जाये उसे भारी बहुमत से जीताकर भेजनें का काम करें जिससे अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बन सके। इस मौके पर पूर्व विधायक जितेंद्र यादव, होशियार सिंह, महेन्द्र बाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद हिमायत अली, पूर्व मंत्री अब्दुल रब, ने भी अपने विचार रखते हुए कहा की केंद्र व प्रदेश की सरकार धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ा कर राजनीति रोटियां सेकने का काम करते आ रहें लेकिन अब लोग जान चुके है और 2027 में होने जा रहें विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखायगे : इस मौके पर शेख रईस अहमद, सभासद सुल्तान अंसारी, ओरंगाबाद चेयरमेन अब्दुल्लाह कुरैशी, प्रेमवीर यादव, अनिल चरोरा, आरिफ अंसारी, कोमल गुजेर, जर्रार खान, भरत सिंह, योगेश प्रधान, परवेज आलम, सोहेल अबरार, विजय त्यागी, कासिम प्रधान, इंतजार अली, पूर्व चेयरमेन मुजाहिद अंसारी, हाजी अख्तर मेवाती आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने वाले युवक को लालगन्ज पुलिस ने किया गिरफ्तार

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया




**प्रतापगढ़** । लालगन्ज थानान्तर्गत युवक द्वारा आपत्तिजनक वीडियो वीडियो अपलोड करने वाले एक युवक पर जे एस एफ चीफ मोहित वशिष्ठ की शिकायत पर युवक पुलिस कप्तान डा अनिल कुमार के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया।

लालगन्ज थाना कोतवाली के गाँव पुरे निर्मल गिरधर निवासी युवक हरिकेश के द्वारा इन्सटाग्राम पर एक ए आई वीडियो बना जिसमे आराध्य भगवान श्रीराम ?जी को भीमराव अम्बेडकर के द्वारा मारते हुए दिखाया गया था । जिसे जे एस एफ के राष्ट्रीय प्रमुख मोहित वशिष्ठ ने सज्ञान ले एक्स पर आई जी प्रयागराज तथा प्रतापगढ़ पुलिस को शिकायत दी कि उपरोक्त वीडियो बेहद आपत्तिजनक है जो हिन्दुओ की भावना को ठेस पहुचाने की दृष्टि से सोशल मीडिया मे वायरल किया गया ।अतः इस पर कार्यवाही करे। मोहित वशिष्ठ जी की शिकायत का सज्ञान ले एस पी प्रतापगढ़ डा अनिल कुमार ने साईबर सेल प्रभारी प्रतापगढ़ व लालगन्ज थाना प्रभारी को कार्यवाही के निर्देश दिए थे । जिस शनिवार की शाम युवक ? हरिकेश जाटव को गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार बयुवक के बारे मे इन्सपेक्टर लालगन्ज ने वेलकम इन्डिया संवाददाता को फोन ? पर बताया कि युवक ? को आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने के कारण गिरफ्तार किया गया था ।जिस पर उचित धाराओ मे ? मुकदमा पंजीकृत करके आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रतिभा की मिसाल मिसेज एशिया बनने के बाद अब सिनेमा में चमकेंगी विजयता सचदेवा

वेलकम इंडिया



वाराणसी से रहने वाली मिसेज एशिया विजयता सचदेवा सिर्फ मिसेज एशिया का खिताब ही नहीं बल्कि अपने ताज और पद की जिम्मेदारी को समझते हुए अपने प्रोफेशन से लेकर सामाजिक कार्यों से जुड़े कार्यों को निस्वार्थ रूप से बखूबी निभाया है मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जिन्होंने लगातार मॉडलिंग किया है और जिन्हें कई प्रतिष्ठित पदों के लिए भी आमंत्रित किया गया है इसके अलावा मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने दमदार मॉडलिंग किया चाहे वो दमदार हो या कमर्शियल हिट, अपनी पीढ़ी की सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक अलग स्थान के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अब वह आगाज एंटरटेनमेंट के साथ एक एक्शन-कॉमेडी अवतार में कदम रख रही हैं, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और उम्मीदें दोनों बढ़ गई हैं।

मॉडलिंग उनकी दमदार उपस्थिति ने पहले ही तहलका मचा दिया है काफी सुर्खियाँ बटोरी थीं। मिसेज एशिया विजयता सचदेवा इस वक्त अपने करियर के शिखर पर हैं और अब वही स्टार पावर और चमक इस नई एक्शन-कॉमेडी की घोषणा में भी देखने को मिलेगी।

# पुलिस ने चोर गिरफ्तार किया

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**सासनी**। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए हनुमान मन्दिर से मडराक रेलवे स्टेशन रोड के पास से 2 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से चोरी की ईको कार और एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस 12 बोर किए है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। पकड़े गए अभियुक्तों ने यह ईको कार सासनी के ब्लूइस गार्डन से चोरी की थी। पुलिस ने इनके नाम साबिर पुत्र ताहिर खान निवासी अल्लैपुर थाना चन्दपा जनपद हाथरस और दूसरे का नाम इमरान पुत्र इकरार निवासी नगला भुजपुरा शाहरुख मेडिकल स्टोर के पास थाना कोतवाली जनपद अलीगढ़ बताया है। अभियुक्त इमरान उपरोक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद अलीगढ में आबकारी अधिनियम , एनडीपीएस एक्ट व चोरी, मारपीट, जान से मारने की धमकी जैसी संगीन धाराओ में अभियोग पंजीकृत है । यह दोनो आपस में दोस्त है ।जनपद हाथरस व आसपास के जनपदो से मोटरसाईकिले व गाडी चोरी करते थे । आरोपी साबिर की एक ईको गाड़ी से 8 -9 महीने पहले एक्सीडैन्ट हो गया था, जिसे साबिर ने कटवा दिया था और दोनो ने योजना बनाई कि इसी तरह की ईको गाडी चुराकर एक्सीडैन्ट हुई गाडी की नम्बर प्लेट को चोरी की गयी गाडी पर लगाकर चला लेगे, दोनो ने योजना बनाकर करीब तीन महीने पहले ब्लूइस गार्डन सासनी से ईको गाडी को चोरी किया था ।

# समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का आशीर्वाद - डॉ हिर्देश पाल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। हरियाली तीज के दिन कांवड़ियों को भोजन कराना एक शुभ कार्य माना जाता है, कांवड़ यात्रा भगवान शिव की भक्ति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, हरियाली तीज के दिन बरेली में कई स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए, जहां कांवड़ियों को भोजन उपलब्ध कराया गया। इस यात्रा के दौरान कांवड़ियों के लिए भोजन और जल की व्यवस्था कराना एक पुण्य कार्य माना जाता है। इस पुण्य कार्य की भावना को ध्यान में रखते हुए चौबारी स्थित एपेक्स अस्पताल के प्रतिष्ठित डॉक्टर हिर्देश पाल जो कि एपेक्स अस्पताल के संचालनकर्ता भी हैं ने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। कावड़ियों के लिए आयोजित इस भंडारे में उनका सहयोग करने पहुंचे धर्मेंद्र पटेल, अनिल कुमार, बृजेश कुमार, विनय पाल, मनीष पाल, सूरज सक्सैना, कप्तान सिंह, अजय पाल यादव, रविंद्र पाल ने इस मार्ग से गुजरने वाले शिव भक्तों और कांवड़ियों को शुद्ध भोजन परोस कर उनकी सेवा की। इस अवसर पर डॉक्टर हिर्देश पाल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें कावड़ियों की सेवा का अवसर मिला है। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए लंबी यात्रा तय करने वाले कांवड़ियों के लिए हमसे जो हो सका, वह हमने करने का प्रयास किया। हमारे सभी सहयोगी पूरी सेवा भाव से इस कार्य को करने में लगे रहे, हमारी दिली इच्छा है कि भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का आशीर्वाद समाज के सभी वर्गों पर हमेशा ही बना रहे। कांवड़ यात्रा के दौरान, विशेष रूप से सावन के महीने में, कांवड़ियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था करने का एक तरीका है। बरेली में भी, हरियाली तीज के अवसर पर कांवड़ियों के लिए जगह जगह भंडारे आयोजित किए गए। जहां उन्हें भोजन और अन्य आवश्यक चीजें प्रदान की गई।

# मुठभेड़ के दौरान हत्यारोपी उजैर घायल, तमंचा व कारतूस बरामद

वेलकम इंडिया



**मेरठ**। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक हत्या के मामले में वांछित मुख्य आरोपी उजैर पुत्र मोबीन को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में उजैर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना 26 जुलाई को करीब 3:30 बजे राधने वाली गली की है, जहां पुरानी रंजिश के चलते उजैर ने अपने साथियों झ फुरकान पुत्र यामीन, मुकीम पुत्र यामीन, मोबीन पुत्र मिट्ठू और इमरान पुत्र इसहाक के साथ मिलकर इमरान नामक युवक के पिता अबरार (42 वर्ष) को गोली मार दी थी। इलाज के दौरान अबरार की मौत हो गई। मामले में थाना लिसाड़ी गेट पर उजैर और उसके साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उजैर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उजैर ने आलाकत्ल (हत्या में प्रयुक्त हथियार) छिपाने की जानकारी दी। पुलिस जब उसे खुशहाल नगर स्थित पानी की टंकी के पास आलाकत्ल की बरामदगी के लिए ले गई, तब उसने छिपाए गए तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उजैर के पैर में लगी।

# चारबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधकः- कुलदीप तिवारी

समर्थ कुमार सक्सेना



**लखनऊ**। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने चारबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, जहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इन व्यवस्थाओं में शामिल हैं।

भीड़ नियंत्रणः* स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के लिए 65 अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है, और प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए विशेष टीमें सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। टिकट और पूछताछ काउंटरः अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं और अतिरिक्त पूछताछ काउंटर की व्यवस्था की गई है ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा व्यवस्थाः* स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (ढफत्र) के 50 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है, और स्टेशन परिसर की सक्रिय निगरानी के लिए उउळश कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की व्यवस्था है। नियमित उद्घोषणाएंः* यात्रियों और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए गाड़ियों की जानकारी, प्लेटफार्म संख्या और अन्य आवश्यक सूचनाओं के संबंध में नियमित उद्घोषणाएं की जा रही हैं। इस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 10,824 है, और जिला प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, फेस रिकग्निशन और बायोमेट्रिक सत्यापन शामिल हैं। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं, जैसे कि हेल्प डेस्क और भीड़ नियंत्रण के उपाय।

# फेरीवाले को चोर समझकर पीटा, पत्नी ने लगाए पुलिस पर तहरीर बदलवाने के आरोप

वेलकम इंडिया



**मेरठ**। किठौर क्षेत्र के फतेहपुर नारायण गांव में शनिवार को अफवाहों के चलते एक फेरीवाले को ग्रामीणों ने चोर समझकर बुरी तरह पीट दिया ।पिटाई का शिकार बना युवक आरिफ (निवासी फलावदा)को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया ।इस मामले में पीड़ित की पत्नी कासिमा की तहरीर पर किठौर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि आरिफ अपने साथी शब्बल (निवासी अब्दुल्लापुर) के साथ गांव में कपड़े की फेरी कर रहा था। जैसे ही दोनों फतेहपुर पहोचे तो ग्रामीणों ने शक के आधार पर दोनों से आईडी दिखाने को कहा, जिससे घबराकर दोनों भागने लगे ।इसी दौरान कुछ दूर जाकर बाइक स्लिप हो गई और आरिफ पकड़ लिया और इसकी जमकर पिटाई की जबकि उसका साथी जान बचाकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आरिफ को पहले किठौर अस्पताल भर्ती कराया हालत ज्यादा नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रविवार को आरिफ की पत्नी कासिमा ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि थाने में तहरीर बदलवाने का दबाव बनाया गया।

# जिला उद्योग व्यापार मंडल द्वारा विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** जिला उद्योग मंडल गाजियाबाद द्वारा डॉ राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट में आयोजित विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने कहा कि हाउस टैक्स 10 प्रतिशत से अधिक न लगाये सरकार तथा बिजली की दरों में समीपवर्ती प्रदेशों से अधिक वृद्धि न की जाये। उन्होंने आयकर रिटर्न की सीमा जुलाई से बढ़ाकर सितम्बर करने तथा टोल टैक्स में 15 अगस्त से होने वाली कमी का स्वागत किया।




इस मौके पर जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल ने बनवारी लाल कंछल का व्यापारी बंधुओं के साथ भव्य स्वागत किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने कहा कि पूरे प्रदेश के अधिकांश जनपदों में हाउस टैक्स में भारी इजाफा किया जा रहा है। जिससे व्यापारी समुदाय त्रस्त है। हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी 500 से 2000 गुना तक की गयी है। जो सरासर अन्याय है। जबकि हाउस टैक्स या कोई भी टैक्स 10 प्रतिशत से अधिक नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। व्यापार मण्डल ने निर्णय लिया है कि जिस जिले में हाउस टैक्स 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाया जायेगा वहां व्यापार मण्डल हाउस टैक्स के खिलाफ आंदोलन करेगा और किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देगा। इस सम्बन्ध में प्रांतीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से 2 मई 2025 को व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ भेंट की थीं और उनसे आग्रह किया था कि सभी नगर निगमों, नगरपरिषद, नगर पंचायतों को निर्देशित किया जाये कि वे 10 प्रतिशत से ज्यादा हाउस टैक्स न बढ़ाये। बिजली की दरों में समीपवर्ती प्रदेशों से अधिक वृद्धि न की जाये। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने कहा कि भारत सरकार ने इस बार अपने बजट में व्यापारियों सहित सभी के लिए 12 लाख तक की आय को करमुक्त कर दिया है। मा. नरेन्द्र मोदी एवं वित्तमंत्री मा. निर्मला सीतारमण का यह फैसला अत्यन्त सराहनीय है। केन्द्र सरकार ने टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर । लाख रुपये कर दी है। इसी प्रकार आयकर फाइलिंग की सीमा 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष कर दी है। आयकर रिर्टन की सीमा जुलाई से बढ़ाकर सितम्बर की गयी। छोटे उद्योगों को सरकार ने क्रेडिट कार्ड भी देने का निर्णय लिया है। केन्द्र सरकार के यह सभी कदम व्यापारियों के लिए लाभदायक है। मैं व्यापारियों से अपील करता हूं कि वे इन सभी रियायतों का लाभ उठाये। प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने कहा कि केन्दीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 15 अगस्त 2025 से टोल से गुजरने वाली व्यक्तिगत वाहनों का टोल शुल्क वर्तमान में 50 रुपये से घटाकर 15 रुपये शुल्क कर दिया है। यदि कोई वाहन मालिक 3000/-रुपये टोल शुल्क फास्ट टैग में जमा कर दे तो वह एक वर्ष में 200 यात्राएं किसी भी टोल से पूरे देश में यात्रा कर सकता है परन्तु यदि एक वर्ष से पहले ही वाहन मालिक 200 यात्राएं पूरी कर लेता है। तो उसे फिर से 3000/- रुपये का फास्ट टैग रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा सम्पूर्ण जनमानस एवं सम्पूर्ण व्यापारी समाज के लिए 15 अगस्त 2025 से लागू हो जाएगी। इस सुविधा से आम जनता एवं आम व्यापारियों में खुशी की लहर है। मैं देश के 7 करोड़ व्यापारियों की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल, गोपीचंद,राजदेव त्यागी, अशोक चावला,बृजमोहन सिंघल,पंकज गर्ग, राकेश गोयल,अजय वर्मा, डॉ पवन सिंघल गोपाल महेश तायल संजय गुप्ता पीयूष गुप्ता अमित अग्रवाल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## समाज का संगठन के हित में मिलकर कार्य करने की शपथ ली ,विकल सिंह चंदेला को बनाया गया अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** राजेश पायलट स्मृति स्थल पर नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में सरदार पटेल विचार समित रजि. एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान राजाराम दौसा ने की तथा संचालन तिलक राज अधाना ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाज तथा संगठन के हित में मिलकर सभी कार्य करने की शपथ ली।बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष कटार सिंह ने सभी साथियों के सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने अपने पद पर बने रहने में असमर्थता प्रदर्शित की तथा नए अध्यक्ष का चुनाव/मनोनयन कराने का आग्रह किया। उनके आग्रह पर जगमाल सिंह प्रधानाचार्य, प्रधान राजाराम, प्रधान धर्मपाल खटाना, प्रधान कमल सिंह, एवं चेयरमैन कालूराम ने निर्णय करके विकल सिंह चंदेला पुत्र स्वर्गीय दलबीर प्रधान के नाम पर सहमति प्रदान की एवं सभी उपस्थित जनमानस ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उसके बाद नवनियुक्त अध्यक्ष विकल प्रधान एवं सभी साथियों ने स्वर्गीय राजेश पायलट एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं सीकरी मंदिर पहुंचकर मातारानी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर डॉ बबली गुर्जर, मोनू धामा सभासद, राहुल गुर्जर, तेजपाल पोशवाल, बृजपाल जैनर, हरबीर सिंह गुर्जर, कमल प्रधान बिजेंद्र चंदेला, प्रधानाचार्य जगमाल सिंह, ऋषिपाल सरोहा, सभासद पति सूबे सिंह नागर आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर चाहत राम, धर्मवीर, सतपाल, नितिन पौषवाल, सुनील प्रधान बलबीर भडाना मोनू चंदेला, चमन सिंह पायल, राजू चंदेला, सुंदर चंदेला, देवेंद्र कुमार आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकताओं ने सुना पीएम मोदी का संबोधन



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** रविवार को मंडल अध्यक्ष डॉक्टर रश्मिकांत जैन ने भाजपा कार्यालय में मन की बात का 124 वा एपिसोड कार्यकताओं के साथ सुना दूसरी ओर मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने दर्जनों महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 124वां एपिसोड सुना। मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन के साथ-साथ डॉक्टर राजबाला सुशीला वशिष्ठ, सारिका शर्मा,सोनिया शर्मा और शिखा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष डॉक्टर रश्मिकांत जैन ने कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात से कार्यकताओं को नई ऊर्जा मिलती है। उनके मार्गदर्शन से कार्यकर्ता और अधिक उत्साह के साथ काम करते हैं। मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने कार्यकताओं से आगामी कार्यक्रमों में मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय जनता पार्टी की प्रगति जारी रहेगी।प्रतिभा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की बातें सुनने के बाद कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ काम करते हैं।

# संगठन विस्तार : अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की 101 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी हुई घोषित

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के संगठन को मजबूत करने के लिए मनोज यादव जिलाध्यक्ष ने 101 सदस्यीय जिला कार्यकारिणीय का मुख्य अतिथि प्रान्तीय महासचिव महेश यादव संघर्षी की देखरेख में भव्य स्वागत सम्मान किया। मुख्य अतिथि महेश यादव संघर्षी प्रान्तीय महासचिव अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महासभा का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढावा देना, सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक स्थिति सुधारना है। इस अवसर पर हाथरस जिलाध्यक्ष मनोज यादव, जिला संयोजक हरपाल सिंह यादव व प्रदेश महासचिव महेश यादव संघर्षी,विपिन यादव,सोमेश यादव ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियो को सम्मानित किया। श्री राधे गार्डन हाथरस में छन्नीलाल यादव की अध्यक्षता व भूपेन्द्र यादव के संचालन में एक भव्य स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से धीरेन्द्र यादव,बन्टी यादव, जिला महासचिव मनोज टीटू यादव निहालपुर,प्रमोद यादव हाथरस,बृजेश यादव हाथरस, रामनिवास यादव सि.राऊ, भूपेन्द्र यादव सादाबाद व रामअवतार यादव सहपऊ व जिला उपाध्यक्ष संजीव यादव नावली लालपुर, धीरेन्द्र सिह उर्फ हीरो हाथरस,सोमेश यादव जिला पंचायत सदस्य, भारत केसरी रामेश्वर पहलवान जिला पंचायत सदस्य,प्रदीप यादव,सुखवीर सिह यादव सहपऊ व जिला सचिव रवि यादव मेहरारा सहपऊ, श्रीनिवास यादव मुनीम जी फुलरई,शैलू यादव सि.राऊ,श्रीराम यादव,बबलू यादव गोकुलपुर,नरेन्द्र यादव, महेश यादव,सतेन्द्र यादव, वीरपाल यादव तुतीपुर अगसौली पप्पू यादव सि.राऊ व जिला संगठन सचिव दिवाकर यादव माधुरी,प्रेम यादव, रनधीर सिह, मानवेन्द्र यादव पूर्व प्रधान जिला कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद यादव प्रवक्ता केपी सिह यादव एवं जिला संरक्षक, विशेष आमंत्रित सदस्य जिला कार्यकारिणी सदस्य सहित 101पदाधिकारियो को सम्मानित किया।

## सराफा व्यापारी को गाड़ी से कुचलने की कोशिश, एसटीओ महिला ने नहीं दिए गहने के रुपये




वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** खुद को सरकारी अफसर बताने वाली एक महिला पर सरार्फा कारोबारी से लाखों रुपये के जेवरात उधार लेने और रकम मांगने पर मारपीट व धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिला का कहना है कि आरोपी ने पहले चेक देकर भरोसा दिलाया, फिर रकम देने से मुकर गई। विरोध करने पर घर बुलाकर मारपीट कराई और फिर जान से मारने की धमकी भी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार किला थाना क्षेत्र के ख्वाजा कुतुब निवासी लता रस्तोगी का कोहाड़ापीर फैयाज बिल्डिंग के सामने सरार्फा शोरूम है। लता के मुताबिक करीब एक साल पहले एसटीओ बताकर स्वाति चौधरी उर्फ स्वाति डागर नाम की महिला उनके संपर्क में आई। उसने अपने भाई की शादी के लिए 3.20 लाख के सोने के जेवरात उधार लिए। गारंटी के तौर पर केनरा बैंक प्रेमनगर शाखा का 2.90 लाख का चेक दिया। पीड़िता लता का कहना है कि उन्होंने और उनके पति ने कई बार फोन कर जेवरात के पैसों की मांग की, लेकिन स्वाति ने बातचीत बंद कर दी।

## घरों के ऊपर से गुजर रही एलटी लाइन बनी जान का खतरा



वेलकम इंडिया


**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में घरों के ऊपर से गुजर रही विद्युत विभाग की एलटी लाइन को हटवाने के लिए कई लोगों ने ऊर्जा निगम के उच्च अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समस्या के निस्तारण की मांग की है। रविवार को कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी किरणपाल सहित कई लोगों ने ऊर्जा निगम के उच्च अधिकारीयों एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि विद्युत विभाग ने कई घरों के ऊपर से एलटी लाइन का निर्माण कर रखा है।एलटी लाइन घरों के ऊपर से गुजरने से मोहल्ले के लोगों को जान का खतरा बना हुआ है बरसात होते ही घरों में करंट दौड़ने लगता है। शिकायत करने के बावजूद भी विद्युत विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा मोहल्ले के लोगों को डर है कि विद्युत लाइन से कभी भी हादसा हो सकता है।इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने समस्या के निस्तारण की मांग की है निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## रेहड़ी सवार व्यक्ति के साथ मारपीट ,पिकअप गाड़ी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक व्यक्ति ने पिकअप गाड़ी सवार एक व्यक्ति सहित तीन अज्ञात लोगों पर घर में घुसकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी अन्सार ने बताया कि पीड़ित विगत शनिवार को अपनी रेहडी लेकर जा रहा था तभी पीछे से पिकअप गाड़ी सवार ने साइड मार दी थी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी पिकअप गाड़ी सवार चालक तनवीर निवासी गढ़ी दौलत ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पीड़ित पर धारदार हथियार व लोहे की राड से हमला कर दिया। पीड़ित जान बचाने के लिए पड़ोसी व्यक्ति सद्दाम के घर में घुस गया जब पड़ोसी व्यक्ति सद्दाम की पत्नी खुशीदा बीच बचाव करने के लिए आई तो आरोपियों ने जमीन पर गिराकर उसके साथ मारपीट करते हुए अभद्र व्यवहार किया और उसकी 10 वर्षय मासूम बच्ची आसमा को भी मारपीट कर चोटिल कर दिया।

## अभय बालियान एडवोकेट को रालोद प्रोफेशनल मंच के जिला अध्यक्ष बनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** अरूण दहिया (एडवोकेट) क्षेत्रीय अध्यक्ष (हस्तिनापुर क्षेत्र) प्रोफेशनल मंच राष्ट्रीय लोकदल ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष म चौ० जयंत सिंह के निदेर्शानुसार तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेशनल मंच एडवोकेट रविकांत चड्ढा के अनुमोदन एंव राष्ट्रीय महासचिव संगठन प्रोफेशनल मंच प्रो० भीष्म सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल की सहमति से अभय बालियान एडवोकेट निवासी लोनी को प्रोफेशनल मंच का जिला अध्यक्ष (गाजियाबाद) मनोनीत किया जाता है। मनोनीत पत्र में कहा है कि आशा है कि इस गहन दायित्व का निर्वाहन करते हुए भारत रत्न स्व० चौ० चरण सिंह एंव स्व० चौ० अजित सिंह की विचारधारा तथा राष्ट्रीय लोकदल की रीति नीति में आस्था रखते हुए राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच के संगठन को मजबूती प्रदान करेगें।

## थिंपू ओपन कराटे चैंपियनशिप में आनिया ने जीता स्वर्ण पदक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** भूटान की राजधानी थिंपू में आयोजित ओपन अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप मे शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर बालिका वर्ग मे मोदीनगर की आनिया ने स्वर्ण पदक जीत कर क्षेत्र व भारत का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 22और 23 जुलाई को भूटान की राजधानी थिंपू में संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। आनिया की उपलब्धि पर न सिर्फ उसके परिवार व गांव मे हर्ष का माहौल है बल्कि गाजियाबाद जनपद भी गौरंबित महसूस कर रहा है !आनिया ने नेपाल,श्रीलंका व फाइनल मुकाबले में भूटान की खिलाड़ी को हराकर जीत दर्ज की और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि के बाद कोच (अजय कुमार) ने बताया सब जूनियर व जूनियर बालक वर्ग में (आयुष गिरी)ने सिल्वर मेडल व( देवराज) को ब्रोंज मेडल से संतोष करना पड़ा। कोच अजय कुमार ने बताया कि हमारे देश में साधारण परिवार से आने वाले खिलाड़ियों को बहुत संघर्ष करना पड़ता है ! स्थानीय लोगों व खेल प्रेमियों ने आनिया व अन्य खिलाड़ियों की जीत पर उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई सरकार व खेल विभाग उनके प्रयासों की सराहना करते हुए आगे के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

## मिलेनियम एकेडमी में हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मिलेनियम एकेडमी किल्हौड़ा हापुड़ रोड़ मोदीनगर में चार दिवसीय सी. बी. एस. ई नोर्थ जोन -1 हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। जिसका उद्घघाटन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि ए.सी.पी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय व डा. अरुण त्यागी प्रधानाचार्य छाया पब्लिक स्कूल मोदीनगर के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर नोर्थ जोन -1 के 38 ने भाग लिया। सभी प्रतियोगी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा खेल के प्रति प्रोत्साहित किया और खेलों के महत्व को विद्याधियों के जीवन में अत्यंत प्रभावशाली बताया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण नेहरा, प्रबंधक जसवीर सिंह, प्रधानाचार्य सन्दीप कुमार, उप-प्रधानाचार्य मधुर नेहरा, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती नीतू चैधरी व स्कूल कोऑर्डिनेटर अपूर्वा द्वारा मुख्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह तथा त्रिलोक चैधरी निर्देशक स्पोट्स संस्था इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा संस्थान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी टीम मैनेजर, टीम कोच एंव सी. बी. एस. ई अधिकारियों व मिलेनियम एकेडमी के शिक्षकों की उपस्थिति शोभनीय रही।

## सिंचाई विभाग के नाले पर अवैध कब्जा, सीएम को शिकायत

वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी किसान ने पड़ोसी किसानों पर सिंचाई विभाग के नाले पर अवैध कब्जा कर ईख की फसल बो देने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी किसान इस्माइल पुत्र नफीस ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर बताया कि पीड़ित के खेत के बराबर में सिंचाई विभाग का सरकारी नाला बना है। पीड़ित का आरोप है कि सिंचाई विभाग के नाले को पड़ोस के ही किसान नरेश, विशाल और पवन के द्वारा मिट्टी भाव करते हुए अवैध कब्जा करने के साथ ही नाले पर ईख की फसल को बो दिया गया है। पीड़ित का आरोप है कि अगर पड़ोसी किसान विरोध करते हैं तो तीनों किसान मारपीट पर उतारू हो जाते हैं और गाली गलौज करते हैं। नाले पर मिट्टी भराव और अवैध कब्जा होने के कारण शहर से बाहर जाने वाला बरसात का पानी किसानों के खेतों में घुस गया है। जिसके चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सिंचाई विभाग के नाले पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गाजियाबाद में श्रम शक्ति एक्सप्रेस के स्टॉपेज की उठी बुलंद मांग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में रविवार को जनपद गाजियाबाद के सैकड़ों रेल यात्रियों ने गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा, जिसमें दिल्ली-कानपुर के बीच चलने वाली श्रम शक्ति एक्सप्रेस ट्रेन का गाजियाबाद स्टेशन पर स्टॉपेज दिए जाने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन में महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान ने अवगत कराया कि श्रम शक्ति एक्सप्रेस, जो दिल्ली और कानपुर के बीच रोजाना संचालित होती है, उसका गाजियाबाद जैसे प्रमुख स्टेशन पर कोई स्टॉप नहीं है, जबकि इस ट्रेन में गाजियाबाद व नोएडा के सैकड़ों यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं। यात्रियों को मजबूरन दिल्ली जाकर ट्रेन पकड ?ी पड़ती है और वापसी में भी दिल्ली उतरकर फिर गाजियाबाद या नोएडा लौटना पड़ता है। यह न केवल समय और धन की बबार्दी है, बल्कि जनता की सुविधाओं के प्रति अनदेखी भी है। ज्ञापन में यह भी जोर दिया गया कि गाजियाबाद, नोएडा और कानपुर उत्तर प्रदेश के तीन बड़े औद्योगिक और शहरी केंद्र हैं। इन शहरों के व्यापारी, नौकरीपेशा लोग, छात्र और उद्यमी श्रम शक्ति एक्सप्रेस जैसे तेज व सुविधाजनक ट्रेन की ओर निर्भर हैं। लेकिन गाजियाबाद में स्टॉपेज न होने के कारण वे इस सुविधा से वंचित हैं। गाजियाबाद से दिल्ली स्टेशन जाना और फिर ट्रेन पकड ?ा, आम यात्रियों के लिए एक अतिरिक्त आर्थिक व शारीरिक बोझ है। जनप्रतिनिधियों ने माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर श्रम शक्ति एक्सप्रेस का स्थायी स्टॉपेज सुनिश्चित करने की अपील की है। ज्ञापन में कहा गया है कि इससे हजारों नागरिकों की परेशानी, अवांछित यात्रा खर्च, और अकारण समय की बबार्दी से राहत मिलेगी। इस मांग के समर्थन में गाजियाबाद जनपद के सैकड़ों नागरिकों, यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। माहौल में जनता की आवाज, सहूलियत की जरूरत और यात्रा सुविधा का अधिकार जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से गूंजते रहे।

कार्यक्रम में महासभा ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि यह मांग जल्द पूरी नहीं की गई तो जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा और रेल मंत्रालय को जनता की ताकत से अवगत कराया जाएगा।

# 'रन फार ग्रीन में दौडे दो हजार से अधिक प्रतिभागी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की ओर से रविवार को आयोजित 'रन फार ग्रीन गाजियाबादज् कार्यक्रम शहर के इतिहास में एक नई इको फ्रेंडली शुरूआत के रूप में दर्ज हुआ। इस ग्रीनाथन में 2,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर न केवल दौड़ लगाई, बल्कि हरियाली को लेकर जनजागरूकता का अद्वितीय संदेश भी दिया। कार्यक्रम की शुरूआत राजनगर स्थित सिटी फॉरेस्ट में सुबह 5 बजे भांगड़ा और जुम्बा के रंगारंग प्रदर्शन से हुई। इसके साथ ही प्रतिभागियों और उनके परिजनों के लिए बनाए गए सेल्फी प्वाइंट और हाइड्रेशन जोन ने आयोजन को उत्सव जैसा माहौल प्रदान किया। 'रन फार ग्रीन गाजियाबादज् केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक हरित संकल्प था, जिसमें शहर की आत्मा ने प्रकृति के साथ एक नई साझेदारी की। जीडीए का यह आयोजन गाजियाबाद को हरियाली के नए मुकाम पर पहुंचाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

सुबह 5:30 बजे 21.1 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ की शुरूआत हुई। पुरुष वर्ग में आकाश कुमार ने पहला स्थान, महिलापाल सिंह ने दूसरा स्थान (जो कि 67 वर्ष के हैं) और जय प्रकाश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सुमन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। 10 किलोमीटर की दौड़ में पुरुष वर्ग में कपिल पाल प्रथम, आयुष द्वितीय और संजय कुमार तृतीय रहे। महिला वर्ग में दीपांशु जोशी ने पहला, मंजू बाना ने दूसरा और तोपमाया गुरंग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 5 किलोमीटर दौड़ में अभिनंदन त्यागी पहले और प्रियांशु तीसरे स्थान पर रहे, जबकि महिलाओं में मीराया माहेश्वरी और राखी त्यागी विजेता रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिर्फ दौड़ नहीं, बल्कि पर्यावरण को लेकर जनमानस में जागरूकता पैदा करना था। 'एक दौड़, एक पेड़ मां के नामज् थीम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। एलिवेटेड रोड पर दौड़ते प्रतिभागियों की हरित टी-शर्ट ने वातावरण को प्रकृति के रंगों से भर दिया।



# ग्रामीणों के नेत्रों की गहन जांच हेतु एक कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियबाद।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, गाजियाबाद द्वारा वरदान नेत्र चिकित्सा सेवा संस्थान के कुशल चिकित्सकों के सहयोग से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ग्राम खेड़ा, पिलखुवा में ग्रामीणों के नेत्रों की गहन जांच हेतु एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 186 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई और 14 लोग ऑपरेशन के लिए योग्य पाए गए जिन्हें सदैव की भांति वरदान चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद ले जा कर ऑपरेशन करने पश्चात घर छोड़ने की व्यवस्था की गई है। कैंप में जहां वरदान चिकित्सा संस्थान की ओर से व्यवस्थापक श्री विजय नेतृत्व में कुशल डॉक्टर्स की टीम मौजूद रही वहीं वरिष्ठ नागरिक समिति की ओर से डॉ जे एल रैना, आर के गुप्ता, वी पी रस्तोगी, रमेश अरोड़ा, एल डी शर्मा, आर पी शर्मा, एम बी भारद्वाज, ए के जैन, आर एन सक्सेना, एस के शर्मा, एस के रस्तोगी और वी पी सिंह ने सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कैंप के पश्चात खेड़ा के पास ही सिखेड़ा ग्राम स्थित अपना घर नामक संस्था को देखने भी गए जिसमें असहाय, निराश्रित और समाज तथा घर वालों द्वारा त्यक्त तथा मेंटली रिटार्डेड रखा जाता है उनकी सेवा सुश्रुषा की जाती है तथा भली प्रकार इलाज कराया जाता है। यह आश्रम और इसकी व्यवस्था सबको बहुत पसंद आई सभी ने अपनी ओर से यथायोग्य आर्थिक सहयोग भी दिया।



## सावन में श्रद्धालुओं की भीड़ से पहले दूधेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र में ट्रैफिक डायवर्जन लागू

**गाजियाबाद।** श्रावण मास के आखिरी सोमवार के अवसर पर दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह डायवर्जन 27 जुलाई की रात 12 बजे से प्रभावी रहेगा और 28 जुलाई को मंदिर में भीड़ कम होने तक जारी रहेगा। ट्रैफिक पुलिस का स्पष्ट निर्देश है कि इस दौरान किसी भी प्रकार के वाहन को दूधेश्वरनाथ मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रवार वाहन पार्किंग और पैदल मार्ग निर्धारित किए गए हैं। चौधरी मोड़ से हापुड़ तिराहा और मेरठ तिराहा की ओर जाने वाले सभी वाहन अब सीधे घंटाघर फ्लाईओवर के ऊपर से गुजरेंगे। फ्लाईओवर से नीचे उतरकर जस्सीपुरा या हापुड़ तिराहा की ओर जाने पर पूर्णत: रोक रहेगी। विजयनगर की ओर से आने वाले वाहन गौशाला फाटक और चौकी बैरियर के आगे नहीं जा सकेंगे। दूधेश्वरनाथ मंदिर की ओर कोई भी सीधी आवाजाही पूर्णत: बंद कर दी गई है। चौधरी मोड़ की ओर से आने वाले श्रद्धालु रामलीला मैदान में अपने वाहन पार्क कर मंदिर तक पैदल पहुंच सकेंगे। विजयनगर की ओर से आने वाले श्रद्धालु मिलिट्री ग्राउंड (विजयनगर) में पार्किंग कर मंदिर की ओर आगे बढ़ सकेंगे। हापुड़ चुंगी और पुराना बस अड्डा की ओर से आने वाले श्रद्धालु नवयुग मार्केट में पार्किंग करेंगे, इसके बाद उन्हें मंदिर तक पैदल ही जाना होगा। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने अपील की है कि श्रद्धालु निर्धारित मार्गों और पार्किंग स्थलों का ही प्रयोग करें, ताकि मंदिर परिसर तक पहुंचना सुगम और सुरक्षित बना रहे। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें पूरे क्षेत्र में तैनात रहेंगी ताकि यातायात व्यवस्था नियंत्रण में रहे और किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। श्रावण के इस पावन पर्व पर गाजियाबाद प्रशासन की इस व्यापक तैयारी से मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण दर्शन और जलाभिषेक का अवसर मिल सकेगा।

## टेबल टेनिस और बास्केटबॉल में खिलाडि ?ों को मिलेगा मेरठ मंडल टीम में खेलने का मौका

**गाजियाबाद।** जिले के होनहार बास्केटबॉल और टेबल टेनिस खिलाडि ?ों के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलने जा रहा है। जिला खेल विभाग द्वारा दोनों खेलों के लिए जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके जरिए मेरठ मंडल की टीम में खिलाडि ?ों का चयन होगा। जिला क्रीड़ाधिकारी अभिषेक धनुक ने बताया कि बास्केटबॉल और टेबल टेनिस की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं की तारीखों की घोषणा हो चुकी है। ऐसे में जिले से प्रतिभाशाली खिलाडि ?ों की तलाश शुरू हो गई है, ताकि उन्हें सही मंच पर पहुंचाया जा सके। जूनियर वर्ग (लड़के एवं लड़कियां) की बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2 अगस्त से 5 अगस्त तक प्रयागराज में आयोजित की जाएगी। इसके लिए मेरठ मंडल की टीम का गठन किया जा रहा है। टीम चयन की प्रक्रिया के तहत 28 जुलाई को महामाया स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन होगा। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी मेरठ में होने वाले मंडल स्तरीय ट्रायल में भाग लेंगे। वहां से चुने गए खिलाडियों को मेरठ मंडल का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त होगा। इस प्रक्रिया से न केवल प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी, बल्कि प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में खेलने का अहम अनुभव भी मिलेगा। जूनियर वर्ग के लड़के और लड़कियों का टेबल टेनिस का जिला स्तरीय ट्रायल 4 अगस्त को महामाया स्टेडियम में होगा। इसके बाद 5 अगस्त को मेरठ के कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडल ट्रायल का आयोजन होगा। जिन खिलाडि ?ों का चयन मंडल टीम में होगा, वे 9 अगस्त से 11 अगस्त तक आगरा में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। क्रीड़ाधिकारी अभिषेक धनुक ने बताया कि ये ट्रायल्स खिलाडि ?ों के लिए सि$र्फ चयन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक स्वर्णिम अवसर हैं खुद को साबित करने का। उन्होंने खिलाडि ?ों और कोचों से अपील की है कि वे समय पर ट्रायल में शामिल हों और खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें। गाजियाबाद के युवा खिलाडियों को अब अपनी प्रतिभा को बड़े स्तर पर दिखाने का अवसर मिलेगा।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** डीएससीसी क्लीनिक की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा डॉक्टर सोनिका शर्मा के डीएससीसी क्लिनिक पर एक आधार कार्ड और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया डाक विभाग द्वारा 18 वर्ष की आयु तक के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा सभी आयु के आधार कार्ड में संशोधन किया गया श्रेया आई सेंटर द्वारा मुफ्त नेत्र परीक्षण की व्यवस्था की गई तथा एच ओ डी लैब द्वारा बीपी शुगर थायराइड आदि की मुफ्त जांच की गई कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित अशोक भारतीय अजय सिंगल आदि रहे बीएसटीसी क्लिनिक प्रोपराइटर डॉ सोनिका शर्मा एवं क्लीनिक के सभी डॉक्टर द्वारा सभी अतिथियों का पटका पहनाकर माला भेंट कर स्वागत किया गया शिविर में 170 से ज्यादा लोगों के नए आधार कार्ड बनाए तथा पुराने आधार कार्ड में संशोधन किया गया और ढाई सौ से ज्यादा लोगों ने आंखों का परीक्षण बीपी शुगर थायराइड आदि की जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाया क्षेत्र में डीएससीसी क्लीनिक के सहयोग से आधार कार्ड एवं नेत्र जांच शिविर में बीपी शुगर आदि की जांच का सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की शिविर में आधार कार्ड केंद्र की तरफ से मनोज कुमार तहसीम हेमंत वैशाली प्रदीप रमेश अनुराग उपस्थित रहे। तथा श्रेया आई सेंटर से डॉ विकास वीरवार ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा सोनिका शर्मा विवेक त्यागी बालकिशन गुप्ता पंडित अशोक भारतीय संदीप त्यागी रसम राजीव अग्रवाल अजय सिंघल ज्योति तोमर राहुल शर्मा दीपक शर्मा डा उमेश गर्ग डा वी के सिंह विपिन कौशिक सुभाष कुमार मोहित अनुराधा आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हादसों को लगेगा 'रेलिंग' ब्रेक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर आए दिन हो रहे जानलेवा हादसों पर अब लगाम लगाने की तैयारी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने यूपी गेट से डासना तक के 16 किलोमीटर हिस्से में डिवाइडर पर चार फीट ऊंची रेलिंग लगाने का फैसला किया है। इस परियोजना का सर्वे पूरा कर लिया गया है और जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। रेलिंग लगाने का उद्देश्य न सिर्फ सड़क पार करने वाले लोगों को रोकना है, बल्कि डीएमई पर अवैध रूप से रुकने वाली बसों और टैक्सियों की संख्या में भी कमी लाना है, जो अब तक कई हादसों की वजह बन चुकी हैं। डीएमई पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही होती है, जहां अधिकतम गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसके बावजूद, यात्री सुविधाओं की कमी और अव्यवस्थित पब्लिक ट्रांसपोर्ट की वजह से बसें और टैक्सियां अक्सर अवैध रूप से एक्सप्रेसवे पर रुकती हैं। यही नहीं, बड़ी संख्या में लोग बिना सोचे-समझे डिवाइडर कूदकर सड़क पार करते हैं, जिससे ना केवल उनका जीवन संकट में पड़ता है, बल्कि अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। एनएचएआई के अनुसार, विजय नगर बागू, नोएडा सेक्टर 62, लाल कुआं, एबीईएस कॉलेज, खोड़ा और छिजारसी जैसे स्थानों पर पीक टाइम में भारी भीड़ देखी जाती है।

# एनडीआरएफ में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (आगरा डिविजन स्काउट्स) का विशेष भ्रमण

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाज़ियाबाद।** 8वीं बटालियन एनडीआरएफ ने केन्द्रीय विद्यालय (केवीएस) आगरा डिविजन के 255 छात्रों और 45 शिक्षकों की एक सुदृढ टीम का स्वागत किया। यह टीम राज्य पुरस्कार उत्सव शिविर-2025 में भाग लेने के लिए 24-07-2025 से 28-07-2025 तक केन्द्रीय विद्यालय, कमला नेहरू नगर, गाज़ियाबाद में उपस्थित हो रही है। यह कार्यक्रम केवीएस मुख्यालय, नई दिल्ली के निर्देश पर देश भर के 25 क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है, और यह एक व्यापक स्कूल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा है। इस विशेष दौरे का उद्देश्य युवाओं में आवश्यक आपदा तत्परता कौशल विकसित करना है, जो हमारे राष्ट्र की मजबूती की नींव है। प्रतिभागियों ने हाथों-हाथ गतिविधियों का अनुभव किया, जिसमें ज़िप-लाइन गतिविधियाँ शामिल थीं जो आत्मविश्वास और चतुराई बढ़ाती हैं। इसके अलावा, वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने स्कूल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में जीवन-रक्षक उढफ और इछर रक्तस्राव नियंत्रण, बाढ़ बचाव उपकरण प्रदर्शनी और निर्माण तकनीक, जिसमें बचाव प्रोटोकॉल और अनुकरण शामिल हैं, का भी अनुभव किया। बटालियन के ऊकऋ श्री प्रवीण कुमार तिवारी जी ने बच्चों के साथ एनडीआरएफ की आपदा सेवा में भूमिका और नींव स्तर पर बचाव ज्ञान स्थापित करने के महत्व के बारे में जानकारी साझा की। एक नए सवेरे की रोशनी के लिए, उन्हें न केवल स्व-सुरक्षा के लिए, बल्कि सामुदायिक मजबूती के लिए भी इन जीवन-रक्षक कौशलों को लागू करना चाहिए। छात्रों ने आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित मॉडल रूम का दौरा किया, जहाँ उन्होंने बचाव राहत में एनडीआरएफ के कर्मियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उन्नत उपकरणों को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडर श्री ए.के. जैन ने किया, जिसमें श्री अनिल कुमार गुप्ता (केवीएस डैपर चंडीगढ़) ने भी भाग लिया। यह कार्यक्रम एनडीआरएफ की सुरक्षा, जागरूकता और राष्ट्रीय तैयारी की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो युवाओं की भागीदारी के माध्यम से संभव हो रहा है।

# महिलाओं ने गौरी तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** श्रावण हरियाली तीज पर शहर के पार्कों व गली-मौहल्लों में झूलों पर पींग बढ़ाती महिलाओं के सावन के गीतों (मल्हारों) तथा नृत्यादि की धूम रही। कहीं पर हरे परिधान व हरी चूड़ियां पहनकर हाथों व पैरों पर आकर्षक मेहंदी लगा महिलाओं ने हर्षोल्लासपूर्वक सावन की तीज का पर्व मनाया।

गौरी तीज महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। गौरी तीज महोत्सव कार्यक्रम में सुनेहा, आंचल, अन्नु, गौरी, गुंजन, ज्योति जैन, मीनाक्षी, सारिका, प्राची, पूजा नारंग, दिया गुप्ता, निधि, निशा, प्रीति, प्रियंका, स्वाती, रुचि ? सपना, सवेरा, शालिनी, शिल्पी, सोनिया, तरूणा, गिन्नी, रिचा, भावना, रुचि, भावना, आदि महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं के अनुसार भारतीय संस्कृति में प्रत्येक उत्सव पर लोकगीतों को गाने की परंपरा रही है। प्राचीन समय से ही लोकसंगीत व लोक उत्सव भारतीय संस्कृति के अंग प्रत्यंग रहे हैं, परन्तु आज ये अपनी पहचान खोने के कगार पर हैं। इसलिए इन लोकोत्सव को मनाकर हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को संझो कर रखना तथा अपनी भावी पीढ़ी को हस्तांतरित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।